

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 12 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 1 फरवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

चार विधेयक पेश, पानी, पेपर लीक, महाकुंभ के मुद्दे गूंजे

# बजट सत्र शुरू, शांति की जगह विपक्ष का हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आज शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने सदन की शुरुआत से पहले शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया था। हालांकि, बाद में विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष ने तीन बार हंगामा कर दिया। इस दौरान सदन में आदिवासी क्षेत्रों में पानी की मांग का मुद्दा गूंजा, पेपर लीक और महाकुंभ के आयोजन को लेकर भी विपक्ष पार्टी कांग्रेस का हंगामा देखने को मिला। राज्यपाल के अभिभाषण और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद सदन की कार्रवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

हालांकि, इससे पहले सरकार की ओर से सदन में चार विधेयक प्रस्तुत किए। इनमें राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025, बीकानेर विकास प्राधिकरण विधेयक 2025 और राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 शामिल हैं।

अब आने वाले दिनों में इन विधेयकों पर सदन में चर्चा की जाएगी। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पिछली कांग्रेस सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन घोटाले से देश में राजस्थान की साख खराब हुई है।

बाड़मेर के तामलोर गांव के दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां एक झोपड़े के पास प्रधानमंत्री आवास बना था, जहां नल खोलकर देखा तो पानी आ रहा था, मैंने पूछा कि पानी कहां से आया। लोगों ने बताया कि पानी सरदार सरोवर से आया है। 800 किलोमीटर से पानी आया है, तो यह अच्छी बात है। मैं इसका अभिनंदन करता हूं।



## गले में नीमकाथाना जिला बहाल करने का पोस्टर लटकाए पहुंचे मोदी

विधानसभा सत्र के पहले दिन कुछ विधायकों ने अपने पहनावे से खास संदेश देने की कोशिश की। इनमें शिव विधायक रविंद्र भाटी 'ओरण बचाओ' लिखी भगवा स्वेट शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे। इस स्वेट शर्ट के जरिए उन्होंने गोचर भूमि और चारागाहों के संरक्षण का संदेश दिया।

वहीं, बामनवास विधायक इंदिरा मीणा समरावता कांड की न्यायिक जांच की मांग लिखी टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंची। उन्होंने सरकार से समरावता कांड में कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा, नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी अपने गले में नीमकाथाना जिला बहाल करने की मांग को लेकर पोस्टर लटकाकर विधानसभा में पहुंचे। उन्होंने सरकार पर क्षेत्र के साथ भेदभाव का गंभीर आरोप लगाया।

## एमपीकेसी परियोजना से बड़ी राहत

राज्यपाल ने एमपीकेसी परियोजना को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी।

3 करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की तरफ से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। कोटा जिले में कालीसिंध नदी पर नवनेरा बांध का निर्माण अक्टूबर 2024 में पूरा कर लिया गया। यह बांध एमपीकेसी परियोजना के लिए नींव का पत्थर साबित होगा।

## ऊर्जा क्षेत्र को मिली नई ताकत

राज्यपाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र संकट में था, थर्मल प्लांट कोयले की भारी कमी से जूझ रहे थे। वर्तमान सरकार ने केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से परसा ईस्ट-कांटा बासन कोल ब्लॉक से कोयला खनन पुनः शुरू कराया। इससे अब राज्य की थर्मल इकाइयों को पर्याप्त कोयला मिल रहा है और ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है।

## कांग्रेस विधायक भाकर का निलंबन रद्द

सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का निलंबन रद्द कर दिया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने उनका निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसे विधानसभा स्पीकर ने स्वीकार कर लिया।

## राइजिंग राजस्थान से आएगी औद्योगिक क्रांति

राज्यपाल ने सरकार की औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही साल में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मजबूत बुनियाद रखी है। राइजिंग राजस्थान के इस कार्यक्रम में 32 देशों ने भाग लिया, जिसमें 16 देश पार्टनर कंट्री बने। 147 एग्जीबिटर्स और 32 हजार से अधिक डेलीगेट्स और विजिटर्स शामिल हुए। 11 नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 1,282 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और भूमि अधिग्रहण पर 512 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश में औद्योगिक विकास का भाग्योदय होगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।



आप पर गरजे मोदी

# दिल्ली में चाहिए तालमेल वाली डबल इंजन सरकार

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। पीएम नरेंद्र मोदी इसी क्रम में शुक्रवार को द्वारका में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली को तकरार वाली नहीं बल्कि तालमेल वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि आपने कांग्रेस की सरकार देखा, फिर दिल्ली पर आपदा वाले ने कब्जा कर लिया। अब डबल इंजन की सरकार बनाकर हमें काम का मौका दें।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र सरकार ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। मोदी ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि दिल्ली में भाजपा सरकर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आपदा वाले केंद्र सरकार से, हरियाणा सरकार से यूपी सरकार से लड़ते रहेंगे। यदि यही आपदा वाले रहे तो दिल्ली विकास में पिछड़ती चली जाएगी। यहां तकरार नहीं तालमेल वाली सरकार चाहिए। हमें लूट और झूठ की आपदा से दिल्ली को मुक्त करना है। आपदा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। उन्होंने कहा कि वोटिंग में अब केवल पांच दिन शेष हैं। दिलवालों की दिल्ली ने अब ठान लिया है, आपदा वालों को भगाना है। साथियों जब भी द्वारका आता हूं, भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका की याद आना स्वाभाविक है। गुजरात में द्वारका की सेवा का अवसर, यहां भी द्वारका की सेवा का अवसर चाहता हूं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य में चुनाव लड़ने के लिए यहां के लोगों की जेब पर डाका डालते हैं। जितना जल्दी हो इनसे मुक्ति पा लीजिए। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही आपदा की सरकार पर कड़ा प्रहार होगा। जिन्होंने दिल्ली को लूटा है उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। पहले ही सत्र में कैग की रिपोर्ट रखी जाएगी। इस रिपोर्ट में आपदा सरकार के घोटाले का जिक्र है। वो इसको दबाकर बैठे हैं।

दिल्लीवासियों के दिल में आपदा वालों के प्रति घोर नफरत है। बस अब कुछ ही दिन बचा है, इनका कच्चा चिट्ठा लोगों के सामने होगा। आजकल ये लोग झुग्गियों में जाकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन्हें यही आता है। सच तो यह है कि मोदी जहां झुग्गी है वहां पक्का मकान दे रही है। ऐसा घर जिसमें अपना नल, अपना जल, मुक्त गैस कनेक्शन होगा। कई जगह मकान बनाने का काम चल रहा है। दिल्ली वासियों अब आप अभी मुझे जानते हैं, मेरा अपना कोई घर नहीं है, मेरा सपना है कि मैं हर गरीब को पक्का घर दूं। आपदा सरकार पूरी कोशिश में जुटी है कि आपको पक्का घर नहीं मिले। आपने जो संघर्ष झेला है, मैं नहीं चाहता कि वह आपके बच्चे भी झेले।

### न्यूज इनबॉक्स

## आप को जोर झटका, पांच विधायकों ने दिया इस्तीफा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को एक-दो नहीं बल्कि पांच झटके लगे हैं। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने इस्तीफा दिया। इसके कुछ घंटे बाद ही जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि ने पार्टी छोड़ी फिर त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार मेहरौलिया, कस्तूरबा नगर के विधायक मदन लाल, बिजवासन से भुपेंद्र सिंह जून, पालम से भावना गोड़ और फिर आदर्श नगर से पवन कुमार शर्मा ने भी अपना इस्तीफा दे दिया। बता दें कि इन सभी विधायकों को पार्टी से टिकट नहीं मिला था। पांच फरवरी को होने वाले मतदान से पहले पार्टी के तीन विधायकों का जाना आप के लिए कितना नुकसान दायक साबित होगा अब ये आठ फरवरी को मतगणना के दिन ही पता चलेगा। महरौली विधायक नरेश यादव ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा, आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए, अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

## मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत के महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें अपने वार्षिक समारोह में सचिन को सम्मानित करेगा। अपने शानदार करियर के दौरान सचिन ने 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन बनाए। सचिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह शतकों का शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। टेस्ट क्रिकेट के अलावा सचिन ने वनडे फॉर्मेट में भी कई रिकॉर्ड बनाए हैं। वनडे में 44.83 के औसत, 49 शतक और 96 अर्धशतक के साथ 18,426 रन और टेस्ट में 53.78 के औसत, 51 शतक और 68 अर्धशतक के साथ 15,921 रन बनाए। उन्होंने अपने शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है।



# भजनलाल सरकार बनी सुशासन का प्रतीक : जोगाराम पटेल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में अपराधी और माफिया पनपे और जमकर भ्रष्टाचार भी हुआ। आज भजनलाल सरकार में माफिया का नहीं, जनता का राज है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार ने अपराधियों



पर नकेल कसी है। आज कानून का ऐसा इकबाल है कि बड़े से बड़ा अपराधी हो या गैंगस्टर वो राजस्थान से या तो भाग चुका है या भाग रहा है। हमनें बजरी माफिया पर भी सख्ती से कार्रवाई की है। पटेल ने शुक्रवार को मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है कि किसी राज्य सरकार ने एक साल पूरा कर लिया लेकिन विपक्षी पार्टियों ने किसी भी तरह का आरोप नहीं लगाया। हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पारदर्शिता और पूर्ण जवाबदेही के साथ प्रदेश में बेहतरीन सुशासन का मॉडल स्थापित किया है। वे विकास के विजन के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सुखद है कि पहली बार बजट सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कुशासन का राज रहा और जनता त्रस्त रही। उन्होंने 5 साल के कार्य काल में ईआरसीपी परियोजना पर एक कदम भी नहीं बढ़ाया। वहीं हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में 'रामजल सेतु लिंक परियोजना (एमपीकेसी परियोजना) के एमओए पर हस्ताक्षर इसका त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। इससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर

भूमि में सिंचाई और 3 करोड़ से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र खस्ताहाल रहा। हमारे थर्मल प्लांट कोयले की कमी से जूझते ही रहे। लेकिन हमारी सरकार ने बिजली आपूर्ति एवं उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के उपक्रमों के साथ 2.24 लाख करोड़ के एमओयू

हस्ताक्षरित कर किसानों को वर्ष 2027 तक दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है।

## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आगाज, कलाकारों ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के साथ ही जयपुर म्यूजिक स्टेज 2025 का धूमधाम से आगाज हुआ। होटल क्लार्क्स आमेर में उद्घाटन सत्र सूफी और फोक संगीत के सुरों से सजा, जिसमें नामी कलाकारों ने अपने अनूठे अंदाज में प्रस्तुति दी। मशहूर की बोर्ड वादक अभिजीत पोहनकर ने अपनी विशेष प्रस्तुति द अमीर खुसरो प्रोजेक्ट के जरिए 13वीं-14वीं शताब्दी के सूफी संत अमीर खुसरो की रचनाओं को संगीतबद्ध किया। उन्होंने छाप तिलक सब छीनी से लेकर मन कुन्तो मौला जैसे सूफी गीतों को अपने तरीके से संगीतबद्ध जीवंत कर दिया। फ्यूजन बैंड दास्तान लाइव ने कबीरा खड़ा बाजार में के तहत झीनी-झीनी बीनी चदरिया, मन लागो यार फकीरी में और साहिब मेरा एक है जैसे गीतों के साथ समां बांध दिया। बैंड के संस्थापक अनिर्बान घोष ने कहा कि हम कबीर के प्रेम और एकता के संदेश को संगीत के जरिए लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। जयपुर में इसे प्रस्तुत करना हमारे लिए गर्व की बात है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आरोपों पर पलटवार

# भजनलाल सरकार के शासन में अपराधों में आई कमी : बेढ़म

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से राजधानी जयपुर व राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने के लगाए गए आरोपों का करारा जवाब दिया है। बेढ़म ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भ्रामक ट्विट के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को शांत व सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है और राजधानी जयपुर में वर्ष 2024 में पिछले वर्षों की तुलना में अपराधों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को अपने शासनकाल में वर्ष 2022 व 2023 में हुए अपराधों का तुलनात्मक अध्ययन कर लेना चाहिए। उनके कार्य काल में हत्या, लूट, डकैती तथा बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों का ग्राफ आसमान छू रहा था। उन्होंने कहा कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत वर्ष 2024 में अपराधों में पहले की तुलना में 8 प्रतिशत की कमी आई है। इनमें हत्या के मामलों में 26 प्रतिशत की कमी, हत्या के प्रयास के मामलों में 11 प्रतिशत तथा लूट के प्रकरणों में 18 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बलात्कार व अपहरण के मामले भी कम हुए हैं। जबकि गहलोत सरकार के कार्य काल के दौरान 2022 में राज्य में कुल अपराधों में 22 प्रतिशत की और 2023 में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को घटित घटनाएं आपसी रंजिश की घटनाएं थी, जिनमें पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का गठन होते ही संगठित अपराध को रोकने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसके परिणामस्वरूप आज बदमाश राजस्थान छोड़ने पर विवश हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के आंकड़ों का अध्ययन करें तो प्रदेश में भी पहले की तुलना में अपराधों में 7.76 प्रतिशत की कमी आई है।



राष्ट्रपति के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरुआत

# आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थिरता में विश्व के लिए आदर्श बना भारतः मुर्मू

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से हुई। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम की भावना से आगे बढ़ रही। राष्ट्रपति मुर्मु ने देश के विकास के लिए मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के वातावरण में भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थिरता का स्तम्भ बनकर विश्व के सामने आदर्श प्रस्तुत कर रहा है।

## सरकार ने टैक्स व्यवस्था को बनाया आसान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स का फायदा देश के हर राज्यों को मिल रहा है। देश को ग्लोबल इनोवेशन पावर बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। सरकार ने टैक्स व्यवस्था को आसान बनाया है। देश में मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं। हमारी सरकार ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन मजबूत बनाया। राष्ट्रपति ने अभिभाषण में कहा कि हमारी सरकार देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में जुटी है। सरकार का नारी सशक्तीकरण पर जोर है। हमारा लक्ष्य 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। सरकारी योजनाओं से गरीबों का सम्मान बढ़ रहा है। ड्रोन दीदी योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है।



## सरकार का लक्ष्य, विकसित भारत का निर्माण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। सरकार का लक्ष्य, विकसित भारत का निर्माण है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। सरकार ने कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग लागू करने का फैसला किया है।

## वक्फ बोर्ड जैसे मुद्दों पर बड़े फैसले

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वक्फ बोर्ड और वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे मुद्दों पर सरकार ने बड़े फैसले लिए हैं। मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया जा रहा है।

## सरकार ने भारत AI मिशन शुरू किया

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत अपना मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान लॉन्च करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत के योगदान को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने भारत मिशन शुरू किया है। हाल ही में महाकुंभ में संगम हादसे का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ऐतिहासिक महाकुंभ चल रहा है। यह हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक जागृति का त्योहार है।

भारत और दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र डुबकी लगाई है। मौनी अमावस्या के दिन हुई दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों को आसान लोन मुहैया कराने के लिए पीएम सूरज योजना का विस्तार किया गया है। पूरा देश नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों की संभावनाओं को देख सके, इस दिशा में, पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गाया। कैंसर की दवाओं से कस्टम ड्यूटी खत्म किया गया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दशकों तक हमारे देश के रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले भाई-बहन बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहे। आज उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ मिल रहा है।



## बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आमजन को स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नंगली सर्किल के समीप बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगिता समन्वयक नगर निगम की कनिष्ठ अभियंता कृति विजय की ओर से विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रथम स्थान पर सांवरमल यादव, द्वितीय स्थान पर रविता कुमारी और तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार विजयी रहे। इस दौरान सभी विजेताओं को पुरुस्कार दिए गए। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को स्वच्छता के संबंध में संदेश दिया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े अथवा जूट के थैले का उपयोग करें ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे।

## रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह प्रथम बार पहुंचे विधानसभा की कार्यवाई में भाग लेने

जयपुर टाइम्स

गोविन्दगढ़(निस)। रामगढ़ विधान सभा के नव निर्वाचित विधायक सुखवंत सिंह राजस्थान विधानसभा में 16वीं विधानसभा के तृतीय सत्र की कार्यवाही में पहली बार पहुंच कर विधान सभा सत्र में भाग लिया। शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा का सत्र शुरू हुआ, जिसमे रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह पहली बार विधानसभा सत्र में हिस्सा लिया और विधानसभा क्षेत्र रामगढ़ के पूर्ण विकास के लिए पुरजोर तरीके से अपनी मांग उठाएंगे और विधानसभा की समस्याओं को भी विधान सभा के पटल पर रखेंगे।



शनिवार और रविवार को विधान सभा स्थगित की गई है। सोमवार को सवेरे 11 बजे से विधान सभा का सत्र शुरू होगा।

## श्रद्धालुओं ने की प्रयागराज में हुई दर्दनाक घटना में मृतकों की आत्मशांति के लिए यज्ञ व मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में हुई दर्दनाक घटना में मृतकों को शुक्रवार को दोयज पर अनेक साधु-संतों द्वारा श्रद्धांजलि व मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना की गई। यह आयोजन प्रयागराज में श्री श्री 108 श्री बिहारीदास जी महाराज पान वाले के सान्निध्य में शुक्रवार दोयज पर हजारों की संख्या में साधु संत व श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मौनी अमावस्या पर प्रयाग क्षेत्र में हुई दर्दनाक धटना में मृतकों को श्रद्धांजलि मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना करते हुए श्रीराम यज्ञ 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन कर में मृतक आत्माओं की शांति के लिए आहूति प्रदान की ओर सभी भक्तों के लिए मंगल कामना की। वहीं साधु समाज द्वारा दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि के लिए पूर्णाआहुति के साथ भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से जयपुर, अलवर, थानागाजी आदि क्षेत्र से आए श्रद्धालुजन रहे। संत बिहारीदास पान वाले महाराज के सान्निध्य में 48 धंटे के श्रीरामचरित मानस के पाठ किए गए ओर विश्व कल्याण आर्थ के पाठ किए गए।



## सेना के अधिकारियों ने किया अलवर दुग्ध संघ का भ्रमण

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। शुक्रवार को भारतीय सेना के उच्चाधिकारियो द्वारा अलवर दुग्ध संघ का टेक्निकल भ्रमण किया गया अलवर दुग्ध संघ के संयंत्र में भारतीय सेना के आधिकारियों द्वारा घी, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता व पैकिंग प्रोसेस को देखा स्वच्छता पूर्ण उत्पाद उत्पादन तक के पूरे प्रोसेस को समझा। भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों द्वारा अलवर दुग्ध संघ का समय-समय पर भ्रमण किया जाता रहा है। क्योंकि अलवर दुग्ध संघ से भारतीय सेना को उच्च गुणवत्ता युक्त मांग अनुसार घी सप्लाई किया जाता है। यह जानकारी नितेश सिंह चौधरी मैनेजर प्लांट ने दी।




## पेयजल समस्या के समाधान हेतु आमजन अधिकारियों को दे सकेंगे अपनी पेयजल संबंधी परिवेदना

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। शहर में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के समाधान हेतु आमजन जलदाय विभाग के अधिकारीगणों से सम्पर्क कर अपनी पेयजल समस्याओं से अवगत करा करा सकते हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एनसीआर क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत ने बताया कि शहर में पेयजल समस्या के समाधान हेतु आमजन अधीक्षण अभियन्ता वृत अलवर रमेश चंद सैनी मो. नं. 9413304430, अधिशाषी अभियन्ता खण्ड अलवर संजय सिंह मो. नं. 9414681022, सहायक अभियन्ता उपखण्ड प्रथम जितेन्द्र कुमार मो.नं. 8279100729, सहायक अभियन्ता उपखण्ड द्वितीय सुनील कुमार यादव मो.नं. 8279100730, सहायक अभियन्ता उपखण्ड तृतीय पवन कुमार जांगिड मो.नं. 8279100731, कनिष्ठ अभियन्ता उपखण्ड द्वितीय रणजीत नगर हरिओम जाट मो. नं. 8107570629, कनिष्ठ अभियन्ता नगर उपखण्ड द्वितीय कालाकुआं मोहित कुमार मो.नं. 7852830574, कनिष्ठ अभियन्ता नगर उपखण्ड प्रथम एच.के.एम नगर नेहा मो.नं. 9306157210, कनिष्ठ अभियन्ता नगर उपखण्ड तृतीय मनुमार्ग गगन मित्तल मो.नं. 7976821311 एवं कनिष्ठ अभियन्ता नगर उपखण्ड तृतीय बैंक कॉलोनी मनीषा मीणा मो.नं. 9772715078 से सम्पर्क कर आमजन अपनी पेयजल समस्या से अवगत करा सकते हैं।

# 5 फरवरी से ग्राम पंचायतों में लगेंगे किसान रजिस्ट्री शिविर

### शिविरों में किसान आईडी पंजीकरण के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ



जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। जिले में 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलक्टर ने निर्देशित किया कि इन शिविरों में किसानों की यूनिक किसान आईडी बनाई जाएगी, जिसमें उनके जनसांख्यिकीय विवरण, स्वामित्व वाली भूमि, बोई गई फसलों सहित उपयोगी डेटा रहेगा। यह रजिस्ट्री आधार कार्ड से लिंक होगी। किसानों को शिविर में आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल और नवीनतम जमाबंदी नकल लानी होगी। किसान रजिस्ट्री के जरिए किसानों को पीएम किसान, सीएम किसान सम्मान निधि, सब्सिडी, बीमा एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, शिविरों में आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी, घुमंतू परिवारों को पट्टे, मनरेगा फार्म, पीएम आवास की किश्त, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

कलक्टर ने जिला परिषद के सीईओ को निर्देश दिए कि सभी विभागों के समन्वय से शिविरों की तैयारियां पूरी कराई जाएं। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, जिला परिषद सीईओ आर.एस. चौहान, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक पी.सी. मीना सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर आजाद और आजादी का आंदोलन' विषय पर होगी 9 को निबंध प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। चंद्रशेखर आजाद विकास संस्थान की शुक्रवार को कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनेक निर्णय किए गए। बैठक मे संस्थान सचिव एडवोकेट लोकेश शर्मा ने बताया कि 9 फरवरी रविवार को स्कूली बच्चों कि निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय चंद्रशेखर आजाद और आजादी का आंदोलन' रखा गया है। प्रतियोगिता मे कक्षा 1 से 4 सबजूनियर वर्ग एवं कक्षा 5 से 8 जूनियर वर्ग एवं 9 से 12 सीनियर वर्ग के विधार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता मे प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। बच्चों को निबंध कॉपी व चित्रकला सीट संस्थान द्वारा दी जाएगी व अन्य सामग्री विद्यार्थियों को स्वयं लानी होंगी। प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू पार्क चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल पुलिस अधीक्षक निवास के सामने अलवर में 9 फरवरी रविवार प्रातः 10 बजे होगी। प्रीतियोगिता मे सफल विद्यार्थियों को 27 फरवरी को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस पर स मानित किया जाएगा। बैठक मे संस्थान अध्यक्ष विमल जैन, प्रवक्ता मुकेश पटेल, लोकेश अवस्थी, सतीश अग्रवाल, महेंद्र सैनी, ब्रह्मप्रकाश सैन, उमेश गोपालिया, किशोर जादौन एडवोकेट रतन राघव आदि सम्मिलित थे।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य का दुरूपयोग, कार्रवाई में पांच घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने के लिए अलवर जिले में स त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 5 घरेलू गैस सिलेण्डर्स जप्त किये गये। जांच दल के प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान काला कुंआ हाउसिंग बोर्ड चुंगी पर मै0 गौरी स्वीट्स एवं मै0 भैंरूबख्श देवीसहाय पर कार्यवाही करते हुए कुल 5 गैस सिलेण्डर जप्त कर कब्जेराज लिये गये। सुरक्षा की दृष्टि से उपर्युक्त घरेलू गैस सिलेण्डर्स को मै0 मॉर्डन गैस, अलवर, के प्रतिनिधि को सुपुर्द किये गये। जांच दल के प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, विजयपाल यादव, प्रवर्तन अधिकारी, प्रगति बरवाल, प्रवर्तन अधिकारी एवं गुलाब सिंह सम्मिलित रहे। जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्यवाही जारी रहेंगी। सभी को आगाह करते हुए अधिकारी ने आपील की है कि घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य का दुरुपयोग ना करें।

# सड़क सुरक्षा माह का समापनः जनजागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

## सड़क सुरक्षा माह में नुक्कड़ नाटक, रैली और नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

जयपुर टाइम्स

भिवाड़ी(निस)। शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय भिवाड़ी में सड़क सुरक्षा माह का समापन भव्य समारोह के साथ किया गया। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चला, जिसमें विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलक्टर किशोर कुमार एंव पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी कुमार पंवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू और जिला परिवहन अधिकारी राजीव चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान भिवाड़ी में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 545 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान भिवाड़ी में 80 यात्री टेम्पू, 25 ट्रैक्टर ट्रॉली, 15 पिकअप वाहन, 30 ट्रैक्टर, ऊंटगाड़ी और बैलगाड़ी जैसे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने सूरज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक को सराहा गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियों में विजेताओं को सम्मान चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा राइडर्स क्लब भिवाड़ी को बाइक रैली और वाहन डीलर्स को वाहन रैली के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होंडा कार्स इंडिया प्रा. लि. के सौजन्य से मैनेजर प्रशांत शर्मा ने आए लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए।




कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर किशोर कुमार ने उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। उन्होंने उपस्थित आम जनों को सड़क सुरक्षा मानकों से अवगत कराया। जिला परिवहन अधिकारी राजीव चौधरी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक पुष्पेन्द्र भारद्वाज, मनोज कुमार सिंघल, महेश कुमार यादव, यूरो इंटरनेशनल स्कूल, राजकीय कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थी, सुरक्षाकर्मी और आमजन उपस्थित रहे।

## अधीक्षण अभियन्ता ने मालाखेडा का दौरा कर जनसुनवाई व निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग एनसीआर वृत अलवर के अधीक्षण अभियन्ता दिनेश कुमार वर्मा ने उपखण्ड कार्यालय मालाखेडा में आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई एवं फील्ड विजिट किया।

जनसुनवाई में कठूमर कस्बे से 7 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें ग्राम खारेडा में नई पाइप लाइन डलवाने एवं खदाना मौहल्ले का नलकूप चालू करवाने, पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई सडक की मरम्मत करवाने तथा ग्राम सताना, मुंडिया, जमालपुर, मिर्जापुर के नलकूपों में पानी की आवक क्षमता कम होने से इन गांवों में पेयजल समस्या उत्पन्न होने के परिवाद प्राप्त हुए जिस पर अधीक्षण अभियन्ता ने संबंधित क्षेत्र के अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियन्ता को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन की पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध त्वरित निराकरण करें। साथ ही पेयजल व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करें।

इसके उपरान्त उन्होंने जल जीवन योजना मालाखेडा के पम्प हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों में विभागीय प्रचलित मापदण्ड व क्यूए एंड मेनुअल के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने तथा ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि नियमित रूप से फील्ड का निरीक्षण व पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई करें।

## खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप में 81 लाइसेंस जारी

### कोटकासिम बस स्टैंड पर आयोजित कैंप में विभिन्न व्यवसायियों ने लिया हिस्सा

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। राजस्थान सरकार द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट के निर्देशन में मुख्य बस स्टैंड कोटकासिम पर खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि कैंप में कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें दूध विक्रेता, सब्जी विक्रेता, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालक, किराना स्टोर मालिक और चाट ठेले वालों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर लाइसेंस जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी कारोबारियों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसएआई) 2006 के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा खाद्य कारोबारियों के लिए की जाने वाली घोषणा का पोस्टर भी विमोचित किया गया। कैंप के दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेंद्र सिंह, महिपाल सिंह और सुभाष सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



# आरएएस भर्ती परीक्षा : जिला कलक्टर और एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। आगामी राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) प्रारंभिक भर्ती परीक्षा की तैयारियों के तहत शुक्रवार को जिला कलक्टर किशोर कुमार और पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने टपूकड़ा और तिजारा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। एसपी ने परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल टपूकड़ा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिजारा एवं पीएम श्री राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया गया। इस दौरान एडीएम अश्विन के पंवार, एसडीएम संजीव वर्मा, डिप्टी एसपी शिवराज सिंह, तहसीलदार शैतान सिंह और कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
1 फरवरी, 2025

# आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के निर्देश पर नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क वसूली हेतु वार्डवार शिविर आयोजित होंगे

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के निर्देशानुसार नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली के लिए फरवरी और मार्च माह में वार्डवार जोन-आधारित शिविर आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने सभी जोन उपायुक्तों, राजस्व अधिकारियों और निरीक्षकों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

शिविरों की शुरुआत 3 फरवरी 2025 से होगी, जो सभी जोनों में एक साथ आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक दिन एक या दो वार्डों के संयुक्त शिविर रखे जाएंगे, जिनका समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक रहेगा। शिविरों में राजस्व टीम और स्पैरो टीम की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके अलावा, शिविर से पांच दिन पूर्व स्पैरो टीम द्वारा प्री-कैम्प भी चलाया जाएगा ताकि नागरिकों को समय पर सूचना मिल सके।

आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि नगरीय विकास कर नगर निगम ग्रेटर की आय का प्रमुख स्रोत है, जिसे व्यावसायिक, संस्थानिक, आवासीय, औद्योगिक और मिश्रित उपयोग वाली संपत्तियों से वसूला जाता है। बकाया गृहकर की वसूली को प्रोत्साहित करने के लिए 31 मार्च 2025 तक एकमुश्त भुगतान पर मूल गृहकर पर 50% छूट और शास्ति पर 100त्न छूट दी जा रही है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के लंबित नगरीय विकास कर की एकमुश्त राशि 31 मार्च 2025 तक जमा कराने पर ब्याज और शास्ति पर पूरी छूट दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा दी गई इस छूट का अधिकतम लाभ करदाताओं तक पहुँचाने और लंबित गृहकर एवं विकास कर की वसूली के लिए नगर निगम ग्रेटर के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक किया जाएगा ताकि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकें और छूट का लाभ उठा सकें।

## नगर निगम ग्रेटर के निर्देश पर सतर्कता शाखा की कार्रवाई, 23 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला, 4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को आयुक्त श्रीमती रुक्मणि रियाड़ के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह अभियान उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें नगर निगम क्षेत्राधिकार के प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया।

टीम ने एसएमएस अस्पताल गेट नं. 2, ट्रॉमा सेंटर, गांधी नगर, रेलवे स्टेशन टोंक रोड, जय अंबे नगर, राजधानी हॉस्पिटल, डब्ल्यूटीपी, स्टॉक एक्सचेंज, सिद्धार्थ नगर, एसके आईटी कॉलेज, अक्षय पात्र, त्रिवेणी पुलिया, करधनी, हाजरीगाह, कबानी मार्केट झोटवाड़ा, विकास पब्लिक स्कूल सहित कई स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान नगर निगम ने 4 केन्टर सामान जब्त किया और 23 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में वसूले। अभियान के दौरान सतर्कता टीम ने मौके पर अतिक्रमणकारियों को मौखिक चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि भविष्य में अतिक्रमण न करें, अन्यथा भारी जुर्माना या सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर वर्षभर होंगे कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत सहकारिता विभाग पूरे वर्ष जागरूकता और विकास कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने निर्देश दिए कि यह अभियान 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के रूप में प्रभावी ढंग से संचालित हो।


नेहरू सहकार भवन में हुए आमुखीकरण कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर समितियां गठित की जा चुकी हैं। फरवरी के पहले सप्ताह में जिला स्तरीय बैठकों में कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों में स्थानीय अवसरों को ध्यान में रखते हुए मासिक और पाक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने सहकारी समितियों की मजबूती, पैक्स के सुचारू संचालन और निष्क्रिय समितियों के नियमानुसार अवसान पर जोर दिया। जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, रथ यात्रा, प्रदर्शनी, वृक्षारोपण और प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले शिविरों में कृषकों का पंजीयन, नये खाते खोलने और सहकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर अपेक्स बैंक, भूमि विकास बैंक और अन्य अधिकारियों ने भी विचार साझा किए। राज्य और जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण में कृषि सुधारों की झलक : भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। संसद के बजट सत्र की शुरुआत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में कृषि क्षेत्र की प्रगति और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का व्यापक उल्लेख किया गया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार कृषि के विकास और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बीते वर्षों में सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में नवाचार लाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।

**कृषि सुधारों के प्रभावी कदम**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत करोड़ों किसानों को वित्तीय सहायता दी गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल संरक्षण और सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दिया गया, जिससे जल की बचत और पैदावार में वृद्धि हुई है।

**आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में सरकार का संकल्प**

भागीरथ चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार कृषि क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल क्रांति और किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, सस्ते कृषि ऋण उपलब्ध कराने और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कृषि उत्पादों के निर्यात में अग्रणी स्थान प्राप्त करे और देश का किसान आत्मनिर्भर बने।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों से कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

## विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1 में अवधेश कुमार शर्मा उपाध्यक्ष मनोनीत

जयपुर टाइम्स

चाकसू(निस)। विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1 में चाकसू क्षेत्र के अवधेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।



यह नियुक्ति जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट की अनुशंषा एवं प्रभारी पंकज जोशी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2024-2026 के लिए की गई है। संगठन ने उनके अनुभव एवं समाज के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद जताई गई है कि उनके सक्रिय योगदान से संस्था निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होगी।

## आज कानोता कैंप में जयपुर बर्ड फेस्टिवल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। पहली बार ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर (जयपुर चैप्टर) द्वारा जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आयोजन शनिवार को कानोता कैंप रिसोर्ट में किया जाएगा।

इस आयोजन में 500 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और बर्ड प्रेमी भाग लेंगे। वन विभाग, पर्यटन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल में विभिन्न गतिविधियाँ होंगी।

फेस्टिवल संयोजक रिटायर्ड आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को बर्ड वॉचिंग, पेंटिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पक्षी चित्रों की प्रदर्शनी, वर्कशॉप और समूह चर्चा के माध्यम से पक्षियों की दुनिया से जोड़ा जाएगा। साथ ही उन्हें विद्यार्थी किट, पक्षी पहचान पुस्तिका, कार्डबोर्ड नेस्ट और डीआईवाई किट वितरित किए जाएंगे।

गुजरात के एमके रणजीत सिंह, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के चीफ रवि सिंह, असद रहमानी और ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर सहित कई पक्षी विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वेटलैंड्स पर कार्यशाला-सम्मेलन में विभिन्न सरकारी विभागों और विशेषज्ञों की भागीदारी होगी। 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस पर प्रतिनिधियों को सांभर साल्ट लेक, भरतपुर और अन्य वेटलैंड्स का फील्ड विजिट कराया जाएगा।

## रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए डिस्कॉम्स और टाटा पावर रिन्यूबल के बीच एमओयू

जयपुर टाइम्स

जयपुर। प्रदेश में पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना को गति देने के लिए राजस्थान की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) और टाटा पावर रिन्यूबल एनर्जी के बीच शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विद्युत भवन में हुए इस समझौते पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक की मौजूदगी में डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा और टाटा पावर रिन्यूबल के सीईओ एवं एमडी दीपेश नंदा ने हस्ताक्षर किए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग पीएम सूर्यघर योजना के तहत पंजीकरण करा चुके हैं।

इस साझेदारी से इन रजिस्ट्रेशन को इंस्टॉलेशन में बदलने में मदद मिलेगी, जिससे आमजन को सौर ऊर्जा अपनाने और बिजली खर्च में बचत का लाभ मिलेगा।

टाटा पावर रिन्यूबल के सीईओ दीपेश नंदा ने कहा कि यह योजना आम नागरिकों को ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी अपने नेटवर्क के माध्यम से प्रदेश में लोगों की भागीदारी बढ़ाने में सहयोग करेगी।

गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत राज्य में अब तक 26,000 से अधिक घरों में रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं। इस एमओयू के तहत टाटा पावर रिन्यूबल, डिस्कॉम्स को वेंडर्स की ट्रेनिंग, जागरूकता अभियान और तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

इस अवसर पर प्रसारण निगम के एमडी नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, अजमेर डिस्कॉम के एमडी केपी वर्मा सहित टाटा पावर रिन्यूबल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## केपीएस उड़ान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स








जयपुर(कास)। विद्याधर नगर स्थित केपीएस उड़ान विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रातः9:30 बजे से प्रारंभ हुआ और दोपहर 3:00 बजे समापन हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधिपति बनवारी लाल शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं गुब्बारों से विद्यालय का बैनर उड़ाकर तथा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया इसके अतिरिक्त गणित एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न मॉडलों को प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्यतः ऐसी घड़ी का निर्माण किया गया जिसे दृष्टिहीन व्यक्ति को दे दिया जाए तो सामने अवरोध आते ही वह सिग्नल देती है। इसके अलावा राममंदिर का मॉडल कक्षा-7 द्वारा बनाया गया, वहीं कक्षा 8 द्वारा चन्द्रयान की टेक्नॉलोजी को समझाया गया । छात्राओं द्वारा वृक्षों एवं जानवरों के 3डी मॉडल द्वारा आधुनिक कृषि को समझाया गया। नर्सरी के छात्रों ने जहां ट्रेफिक लाईट, हैल्दी फूड व अन्य आवश्यक मॉडल प्रस्तुत किये, वहीं विद्यालय की शिक्षिका चंचल शर्मा व सीनियर के छात्रों ने विद्यालय का पूर्ण मॉडल बनाकर सभी को अचंभित कर दिया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों तथा अन्य विद्यालय के छात्रों ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा फूड जोन को भी लोगों ने खूब पसंद किया । इस कार्यक्रम का संचालन सुषमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, उमेश जी नवहाल, डॉ.ओ.पी.सेवदा, के.डी.शर्मा, बी. डी.खंडेलवाल, सत्यनारायण बणसिया, विद्यालय के प्राचार्य जयंत चटर्जी, प्रशासनिक अधिकारी डी.पी.शर्मा, उप प्राचार्य अजय गोयल तथा समाज के गणमान्यजन सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर महासचिव डॉ. ओ.पी सेवदा ने पधारे हुए सभी अतिथियों, विद्यालय प्रांगण में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षक एवं स्टॉफ का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्रीस्टैक योजना से किसानों को लाभ, जयपुर में 5 फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री अभियान

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों की समृद्धि के लिए एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत जयपुर जिले में 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत किसानों को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। इसके लिए आधार कार्ड, जमाबंदी और मोबाइल नंबर आवश्यक होंगे। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के निर्देश दिए हैं। यह आईडी किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिलाने में मदद करेगी। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि और कृषि विभाग की अन्य योजनाओं तक पहुंच आसान होगी। राज्य सरकार किसानों को डिजिटल सुविधाओं से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना चाहती है। अजमेर में 13 दिसंबर को आयोजित किसान सम्मेलन में इस योजना की शुरुआत की गई थी।

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं परीक्षा-2024 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस संबंध में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा समन्वयकों, पुलिस नोडल अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, उपसमन्वयकों एवं केंद्र अधीक्षकों से तैयारियों की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाए तथा नकल व अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परीक्षा के दौरान पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहेंगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज की उपस्थिति में फरवरी माह में होने वाली कनिष्ठ अभियंता, रीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

**नियंत्रण कक्ष स्थापित**

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा 2 फरवरी 2025 (रविवार) को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जयपुर जिले में 240 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें 91,513 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा संचालन के लिए कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। परीक्षा की निगरानी के लिए 85 उप समन्वयक एवं 40 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0141-2206699 रहेगा, जहां से परीक्षा संबंधी जानकारी व शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा, विद्युत विभाग, रोडवेज व जेसीटीसीएल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## मुख्यमंत्री की इच्छा अनुसार जिला प्रशासन ने दी जनता को राहत

जयपुर टाइम्स

जयपुर। जयपुर जिले में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 'रास्ता खोलो अभियान' चलाया जा रहा है, जिसके तहत सांगानेर की ग्राम पंचायत रामपुराउती के नरवरिया गांव में श्मशान घाट मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। वर्षों से इस मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए जाने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या के समाधान से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के मार्गदर्शन में इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए राजस्व




विभाग, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निवासियों के सहयोग से प्रयास किए गए। समझाइश के बाद अतिक्रमण हटाया गया और 250 मीटर लंबी सड़क को पक्का मार्ग बनाने का कार्य किया गया।

सांगानेर पंचायत समिति की विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति ने बताया कि राज्य वित्त आयोग मद (जि.प.) से 7.50 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण पूरा कर दिया गया है। अब यह रास्ता श्मशान घाट तक शवयात्रा के लिए सुगम होने के साथ-साथ आमजन के आवागमन के लिए भी सुविधाजनक बन गया है।

उपखंड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह के निर्देशानुसार इस सड़क का स्थायी समाधान किया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व निवासियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान कर जनता को राहत प्रदान की।

## संपादकीय .....

# पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार ÷संघ परिवार÷ जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे।

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई।

राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया।

# क्या भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा




आज भारत के संदर्भ में यह सपना देखा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के बल पर वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। परंतु, सकल घरेलू उत्पाद में औसतन लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ क्या भारत वास्तव में वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन पाएगा अथवा भारत को अभी भी कई प्रकार के सुधार कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता है। किसी भी देश को अपनी आर्थिक विकास दर को तेज करने के लिए कई प्रकार के सुधार कार्यक्रम लागू करने होते हैं। भारत ने वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, एक लम्बे अंतराल के पश्चात देश में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1991 में प्रारम्भ किया। जबकि इस समय तक अमेरिका एवं कई यूरोपीय देश विकसित राष्ट्र बन चुके थे एवं चीन ने तो आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1980 में ही लागू कर दिया था तथा अपनी वार्षिक आर्थिक विकास दर को दहाई के आंकड़े के भी पार ले गया था। भारत इस मामले में बहुत पिछड़ चुका था।

राजीव गांधी सरकार ने वर्ष 1985-86 में भारतीय संसद में एक सुधारवादी बजट पेश जरूर किया था परंतु वे इन कार्यक्रमों को बहुत आगे नहीं बढ़ा पाए। परंतु, वर्ष 1991 में श्री नरसिम्हा राव सरकार ने देश में लाइसेन्स राज को समाप्त कर सुधारवादी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया था। इसके पूर्व निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में उचित स्थान प्राप्त नहीं था और केवल पब्लिक सेक्टर के दम पर ही भारत विकास की राह पर आगे बढ़ रहा था। तात्कालीन केंद्र सरकार द्वारा समाजवादी नीतियों को अपनाए जाने के चलते भारत में सुधारवादी कार्यक्रमों को लागू करने में बहुत अधिक देर कर दी गई थी। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के पश्चात बड़े उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। पेट्रोलियम रिफाइनरी, मशीनरी एवं तकनीकी उद्योगों पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया जबकि आज यह समस्त उद्योग देश में अत्यधिक सफल होकर देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।

वर्तमान में केंद्र सरकार 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हाल ही के वर्षों में लागू किए गए सुधार कार्यक्रमों में शामिल हैं- वस्तु एवं सेवा कर बिल, ऋणशोधना क्षमता बिल, दिवालियापन बिल, आदि। श्रम कोड को भारतीय संसद ने पास कर दिया है परंतु देश में लागू किया जाना शेष है, कुछ राज्यों जैसे महाराष्ट्र में जमीन अधिग्रहण बिल पर कार्य चालू है। ईज आफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में काफी अच्छा काम हुआ है और आज विभिन्न प्राजेक्ट्स को समय पर स्वीकृती मिल जाती है। भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित अवस्था में आ चुका है। भारत को विश्व की सबसे कमजोर 5 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में से निकालकर विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की श्रेणी में ले आया गया है। फिर भी, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केवल 7 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर काफी नहीं है।

वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत की रही है और प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,300 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष है। किसी भी देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में तभी शामिल किया जाता है जब उस देश के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के आस पास हो। इस दृष्टि से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय नागरिकों की औसत आय लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़नी चाहिए। इस प्रकार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद भी यदि 8 प्रतिशत के आसपास प्रतिवर्ष बढ़ता है तो वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र निश्चित ही बन सकता है। परंतु इसके लिए भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को और अधिक गति देनी होगी।

आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम लम्बे समय तक चलने वाली सतत प्रक्रिया है। कई बार तो सुधार कार्यक्रम सम्बंधी कानून बनाने के बाद उन्हें लागू करने में भी लम्बा समय लग जाता है। जैसे भारत में 4 श्रम कोड वर्ष 2019-2020 के बीच में संसद द्वारा पास किए गए थे परंतु इन कोड को अभी भी लागू नहीं किया जा सका है। हालांकि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं परंतु अभी भी कई क्षेत्रों में काम किया जाना शेष है। जैसे, भारत में पूंजी आज भी बहुत अधिक ब्याज दर पर उपलब्ध हो पाती है, हालांकि ऋण प्रदान करने सम्बंधी नियमों को शिथिल बनाया गया है, परंतु पूंजी की लागत बहुत अधिक है। भारत में युवा जनसंख्या अच्छी तादाद में है, आज भारत के नागरिकों की औसत आयु केवल 29 वर्ष है जो विश्व की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। यह भारत के लिए यह लाभदायक स्थिति है परंतु भारत आज भी इस स्थिति का लाभ नहीं उठा पा रहा है। इस प्रकार के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर भारत में अभी भी बहुत काम किए जाने की आवश्यकता है।

भारत को अभी भी आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में संरचनात्मक बदलाव की बहुत अधिक आवश्यकता है। हमारे देश की मजबूती किन क्षेत्रों में हैं इन क्षेत्रों को चिन्हित कर हमें उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे उत्पादकता के मामले में अन्य देशों, विशेष रूप से पश्चिमी देशों, की तुलना में हम अभी भी बहुत पिछड़े हुए हैं। उत्पादकता कम होने के चलते भारत में निर्मित उत्पादों की लागत अधिक रहती है। देश में करों की दर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक है, इसे कम करने के सम्बंध में गम्भीरता से विचार करने की आज महती आवश्यकता है। साथ ही, बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण पर ब्याज की दर भी बहुत अधिक है, इससे भी उत्पादन लागत में वृद्धि होती है और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक लागत के चलते टिक नहीं पाते हैं। अतः अब समय आ गया है कि ब्याज दरों को कम करने के बारे में भी गम्भीरता से विचार हो।

देश में हर समय कहीं न कहीं चुनाव हो रहे होते हैं और कई बार तो देश के बहुत बड़े भू भाग पर चुनाव आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र एवं राज्य सरकारों को अपने पूंजीगत खर्चे रोकने होते हैं, इससे देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अतः देश में वन नेशन वन इलेक्शन को भी लागू करने की महती आवश्यकता है। साथ ही, आजकल कुछ राज्य सरकारों के बीच नागरिकों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की जैसे होड़ ही लग गई है। मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराने से इन प्रदेशों के बजट पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न होता है। अतः इस प्रकार के खर्चों पर रोक लगाए जाने की भी आज आवश्यकता है।

भारत की आर्थिक विकास दर को 10 प्रतिशत से भी ऊपर ले जाया जा सकता है यदि हिंदू सनातन संस्कृति की अर्थव्यवस्था को भारत में बढ़ावा दिया जाय। इसके लिए देश के ब्यूरोक्रेसी के सोच में परिवर्तन लाना भी आवश्यक है। भारत में भव्य मंदिरों का निर्माण कर एवं इन स्थानों पर अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए धार्मिक पर्यटन को जबरदस्त बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे होटल उद्योग, परिवहन उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बहुत लाभ होगा एवं रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे। देश में शादियों के मौसम में लाखों करोड़ रुपए का खर्च होता है तथा विभिन्न त्यौहारों पर भी भारतीय नागरिकों के खर्च में अत्यधिक वृद्धि हो जाती है। इस सबका प्रभाव अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक रहता है, अतः शादियों के मौसम एवं विभिन्न त्यौहारों पर नागरिकों को सरकार द्वारा विशेष सुविधाएं प्रदान करने से विभिन्न उत्पादों की खपत में वृद्धि की जा सकती है। और, अंततः यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा।

– प्रहलाद सबलानी

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# समान नागरिक संहिता लागू करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनते ही अपने मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव तथा उसके लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की अनुमति दी थी। उत्तराखंड विधानसभा में यह विधेयक पारित हो जाने के बाद 27 जनवरी 2025 को यह कानून लागू हो गया है। कानून के क्रियान्वयन के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया है जिसमें सभी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। समान नागरिक संहिता कानून लागू होने के कारण राज्य में व्यापक बदलाव होने जा रहा है। यह कानून महिला सुरक्षा को व्यापक स्तर पर प्राथमिकता दे रहा है। यह कानून अनुसूचित जातियों/जनजातियों को छोड़कर संपूर्ण उत्तराखंड राज्य तथा राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के समस्त निवासियों पर लागू होगा। पोर्टल लांच करते समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कानून में किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को समाप्त नहीं किया गया है। इस कानून द्वारा सभी लोगों के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकार के नियमों को समान किया गया है। सभी धर्म के लोग अपने-अपने रीति रिवाज के अनुसार शादी कर सकते हैं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सेक्युलर ताकतों तो यह कानून पसंद नहीं आ रहा है, वहीं कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन इस कानून को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर समान नागरिक संहिता कानून की बात रख चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से संबोधन तथा संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जता चुके है और उत्तराखंड के माध्यम से यह पहल आगे बढ़ रही है। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने के बाद सभी धर्म, जाति व पंथ के लोगों को समान अधिकार मिलने प्रारम्भ हो जायेंगे। इस कानून में महिलाओं को विशिष्ट लाभ प्राप्त होगा। मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के चलते कांग्रेस ने सदा समान नागरिक संहिता का विरोध किया। अगर कांग्रेस में इच्छाशक्ति होती तो यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी के समय में



ही लागू हो गया होता किंतु वह मुस्लिम तुष्टिकरण में इतने डूब चुके थे कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित कई कांग्रेसी नेताओं के विचार अच्छे नहीं लगे। यहां तक कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी संविधान में ही समान नागरिक संहिता को रखने के प्रबल पक्षधर थे और इन्हीं सब मुद्दों के कारण डॉ. अम्बेडकर और नेहरू जी के मध्य विवाद था।

उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित विधेयक चार खंडों में विभाजित है। पहला खंड- यूजीसी की धाराओं के उल्लंघन पर छह माह तक कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माने की व्यवस्था की गई है। विवाह विच्छेद के मामलों में तीन वर्ष का कारावास रखा गया है। पुनर्विवाह के लिए तय नियम के उल्लंघन पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना व छह मास तक के कारावास का प्रबंध किया गया है।

महिलाओं को समान अधिकार- संपत्ति में सभी धर्मों की महिलाओं को समान अधिकार दिया गया है। सभी जीवित बच्चे पुत्र अथवा पुत्री संपत्ति में बराबर के अधिकारी बनाये गये हैं। अगर कसी व्यक्ति की वसीयत नहीं है और उसकी कोई संतान अथवा पत्नी नहीं है तो उत्तराधिकार के लिए रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी गई है।

समान नागरिक संहिता का तीसरा खंड अत्यंत विशिष्ट है। जिसमें आजकल प्रचलन में आए लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। लिव इन में पैदा हुए बच्चे को भी वैध संतान माना गया है। अब नये कानून के अंतर्गत लिव इन रिलेशनशिप को कोई भी पक्ष समाप्त भी कर सकता है। यदि किसी भी धर्म का कोई पुरुष अपनी पत्नी को छोड़ देता है तो वह उसे भरण पोषण की मांग कर सकती है। किसी एक पक्ष के नाबालिग अथवा विवाहित होने पर लिव इन की अनुमति नही दी जाएगी। उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता विधेयक में पति की क्रूरता और विवाहेत्तर संबंधों पर पत्नी को भी तलाक का अधिकार दिया गया है। प्रस्तावित कानूनों के अंतर्गत नपुंसकता या जानबूझकर यौन संबंध नहीं बनाने पर विवाह शून्य हो जायेगा। समान नागरिक संहिता में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य प्रथा/ परंपरा के अंतर्गत तलाक मान्य नहीं होगा। किसी प्रथा रूढ़ी या परंपरा के तहत तलाक देने पर तीन साल की जेल और सजा का प्रावधान भी किया गया है। पूर्व की पत्नी होने के बावजूद पुनर्विवाह करने पर तीन वर्ष की जेल एक लाख रुपये तक जुर्माना और सजा भी बढ़ाई जा सकती है। यह कानून उत्तराखंड के सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर देगा, विशेषकर उन महिलाओं के सम्मान व अधिकार की रक्षा होगी जिन परंपराओं में पुरुष वर्चस्व का चलन है। देवभूमि उत्तराखंड की मुस्लिम महिलाओं को अब तीन तलाक, बहुविवाह और हलाला जैसी बर्बर प्रथाओं से मुक्ति मिलेगी। लिव इन रिलेशनशिप को लेकर जो व्यवस्था समान नागरिक संहिता में की गई है उससे लव जिहाद में फंसकर अपने प्राणों तक की आहुति देने वाली बेटियों को भी एक बड़ा सुरक्षा कवच मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई अवसरों पर माना और कहा कि केंद्र सरकार को एक समान नागरिक संहिता लानी ही चाहिए और जिसे उत्तराखंड की सरकार ने पूर्ण कर दिखाया है। उत्तराखंड विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक पारित हो जाने के बाद अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि अनेक प्रांतों ने भी इसे लागू करने की तैयारी प्रारम्भ कर दी है।

-मृत्युंजय दिक्षित

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

देवभूमि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनते ही अपने मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव तथा उसके लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की अनुमति दी थी। उत्तराखंड विधानसभा में यह विधेयक पारित हो जाने के बाद 27 जनवरी 2025 को यह कानून लागू हो गया है। कानून के क्रियान्वयन के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया है जिसमें सभी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

## शख्सियत

# फिल्मी दुनिया के अलहदा संगीतकार थे ओपी नैय्यर, प्रेम संबंध बना बर्बादी का कारण



दुनिया में तमाम ऐसे फनकार हुए, जो अपने काम से अमर हो गए। इन फनकारों ने अपने काम से वह मुकाम हासिल किया है, जिसको बरसों बाद भी भुला पाना मुश्किल है। ऐसे ही रिदम किंग और ताल के बादशाह ओपी नैय्यर थे। आज ही के दिन यानी की 28 जनवरी को ओपी नैय्यर का निधन हो गया था। ओ पी नैय्यर ने न जाने कितने गानों में अपने संगीत का जादू बिखेरा है। हालांकि ओपी नैयर विद्रोही स्वभाव के थे और वह अपनी शर्तों पर काम करना पसंद करते थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर ओपी नैय्यर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म

पाकिस्तान के लाहौर में 16 जनवरी 1926 को ओपी नैय्यर का जन्म हुआ था। उनका पूरा नाम ओंकार प्रसाद नैयर था। ओपी नैय्यर के बारे में ये कहा जाता है कि वह संगीत और अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीते थे।

### फिल्मी करियर

फिल्म आसमान से ओ पी नैय्यर ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। लेकिन ओपी नैय्यर को पहचान अभिनेता गुरुदत्त की फिल्मों मिस्टर एंड मिसेज 55, आरपार, सीआईडी और तुम सा नहीं देखा से मिली थी। वह अपने समय के ऐसे संगीतकार थे, जिन्होंने लता मंगेशकर की आवाज का इस्तेमाल किए बिना ही सुरीला संगीत दिया।

### हीरो बनना चाहते थे ओ पी नैय्यर

बता दें कि ओपी नैय्यर फिल्मी दुनिया में हीरो बनने आए थे। लेकिन उन्हें एक के बाद एक रिजेक्शन मिलने लगे। जिसके बाद किसी ने उनको सलाह दी वह और कुछ करें। और कुछ के नाम पर ओपी नैय्यर संगीत के बारे में ही थोड़ा-बहुत जानते थे। ऐसे में उन्होंने अपने हरमोनियम से दोस्ती बढ़ाई और उन्होंने संगीत का जादू चलाना शुरू किया। अभिनेता गुरुदत्त की फिल्मों के बाद उन्होंने %ऐ लो मैं हारी पिया%, %कभी आर कभी पार लागा तीरे नजर% और %बाबा जी धीरे चलना... बड़े धोखे हैं इस राह में% जैसे गीतों से धूम मचाई। इस तरह से बतौर संगीतकार ओपी नैय्यर का नाम फिल्म जगत में चल निकला।

### प्रेम संबंध

इसके बाद नैय्यर की मुलाकात आशा भोंसले ले हुई। आशा ताई को आशा भोंसले बनाने का श्रेय ओ पी नैय्यर को जाता है। उन्होंने आशा की आवाज की रेंज का पूरा फायदा उठाया। कई फिल्मों में एक साथ काम करने के दौरान ही नैय्यर और आशा भोंसले एक-दूसरे के करीब आ गए। कहा जाता है कि यह प्रेम संबंध ही ओ पी नैय्यर की बर्बादी का कारण बना। कहा जाता है कि ओपी नैय्यर और आशा भोंसले का प्रेम संबंध करीब 14 साल तक चला।





# कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख

आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

## कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

## नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फ्रॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।

## फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुईं। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।

# तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

## डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

## भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।

# खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



# 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'ह्रदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?

'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।


## शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

## क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट

अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी।





# हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

## हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

## प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।

## प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

## देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।



# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

## ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लेटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।

## एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

## यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

## आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।

# गैजेट्स न बिगाड़ दें सेहत



इन दिनों हम हर वक्त किसी न किसी गैजेट से खुद को घिरा पाते हैं। ये गैजेट्स भले ही हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन हम इनकी वजह से कब बीमारियों से घिर जाते हैं, पता ही नहीं चलता। इनके प्रभाव से कैसे करें अपना बचाव, बता रहे हैं पंकज घिल्डियाल

## कंप्यूटर/लैपटॉप

आज कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करना मजबूरी भी है और कहीं-कहीं लत भी। इसके अधिक इस्तेमाल के कारण कई बार सेहत पर इसके दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं, जैसे शारीरिक सक्रियता का कम होना, नींद में कमी या स्लीप पैटर्न का गड़बड़ा जाना आदि। वहीं लैपटॉप के कारण गर्दन में दर्द एक बड़ी बीमारी के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। की-बोर्ड के नजदीक होने से झुकना पड़ता है। इससे गर्दन में खिंचाव होता है, जिससे दर्द होता है। कभी-कभी डिस्क भी खिसक जाती है।

## टेलीविजन और लाइफ स्टाइल

क्या बच्चे, क्या बड़े, लोग घंटों टेलीविजन के सामने बैठ कर समय व्यतीत करते हैं। एक लेख के अनुसार लोगों द्वारा हर घंटे देखे गये टीवी से उनका जीवनकाल 22 सेकंड कम हो जाता है। हर भारतीय एक सप्ताह में औसतन 15-20 घंटे टीवी देखता है। कई शोधों में यह बात सामने आई है कि टीवी के सामने हर रोज दो घंटे बिताने से टाइप 2 डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा 20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।



## वाईफाई/सेलफोन

अनेक अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि वायरलेस उपकरणों से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें कैंसर का कारण बनती हैं और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाती हैं। स्वीडन में हुए एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग 20 वर्ष से कम उम्र में मोबाइल फोन का उपयोग शुरू कर देते हैं, उनमें ब्रेन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। युवा आमतौर पर मोबाइल फोन से संगीत का आनंद उठाते हैं, लेकिन 85 डेसिबल से अधिक तेज ध्वनि किसी की भी सुनने की क्षमता को हमेशा के लिए खत्म कर सकती है। स्टीरियो हेडफोन से निकलने वाली तरंगें 100 डेसिबल तक पहुंच जाती हैं।

## वीडियो गेम

वीडियो गेम में बच्चों का जबरदस्त क्रेज है। घंटों वीडियो से चिपके रहना सामान्य बात है। अधिक समय तक वीडियो गेम खेलने से बच्चों पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। बच्चे जहां अधिक आक्रामक हो रहे हैं, वहीं दोस्तों से झगड़ना, आंखों की रोशनी कम होना, मोटापा बढ़ना आदि बहुत से प्रभाव देखने को मिल रहे हैं।

## गुस्सैल न हो जाए आपका स्वभाव

लंदन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक, जो लोग कंप्यूटर पर 4 घंटे या उससे ज्यादा समय बिताते हैं, उन्हें अन्य लोगों के मुकाबले दिल की समस्या होने की आशंका 125 फीसदी अधिक रहती है। रिसर्च में यह भी पता चला है कि कंप्यूटर पर ज्यादा समय बिताने वालों को मृत्यु का खतरा अन्य लोगों के मुकाबले 45 फीसदी ज्यादा होता है। इसी तरह अगर आप रोजाना मोबाइल पर 4 घंटे से ज्यादा बात करते हैं तो आपका स्वभाव गुस्सैल हो जाता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी बर्कले की एक स्टडी पर गौर करें तो 70 प्रतिशत से अधिक कंप्यूटर यूजर्स को कंप्यूटर चश्मे की जरूरत पड़ती है।

## दुष्प्रभाव से कैसे बचें

कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हुए हर दो घंटे के बाद एक ब्रेक लें या हर आधे घंटे के बाद दो-तीन मिनट के लिए अपनी आंखों को कंप्यूटर से हटा लें।

वीडियो गेम खेलने का समय और अवधि निर्धारित करें। कंप्यूटर के सामने बैठते समय हमारी पीठ सीधी हो, खासकर रीढ़ की हड्डी। कंप्यूटर की स्क्रीन आंखों से 15 डिग्री नीचे की तरफ होनी चाहिए। स्क्रीन से आंखों की दूरी दो फुट होनी चाहिए।

टीवी कभी भी अंधेरे में न देखें, वहां हमेशा पर्याप्त रोशनी बनाए रखें।

विशेषज्ञों का मानना है कि करीब 1 घंटा मोबाइल फोन के इस्तेमाल से मस्तिष्क में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ सकता है।

हमेशा बड़ी स्क्रीन के लैपटॉप का इस्तेमाल करें। इसके उपयोग से पॉश्चर पर ज्यादा दबाव नहीं आता।

लैपटॉप की स्क्रीन आंखों के समान लेवल या एंगल पर होनी चाहिए, ताकि आपको अपनी आंखें स्क्रीन पर रखने के लिए गर्दन को घुमाना या मोड़ना न पड़े।

## मोबाइल फोन में बैक्टीरिया!

एक रिसर्च में पाया गया है कि मोबाइल फोन में टॉयलेट के फ्लश हैंडल से औसतन 18 गुना ज्यादा हानिकारक बैक्टीरिया होते हैं। इनकी वजह से पेट में गंभीर बीमारियां होने की आशंका रहती है। रिपोर्ट में पाया गया है कि ब्रिटेन में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन्स के 6.3 करोड़ में से 1.47 करोड़ यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गई हैं।

# आर्थोस्कोपिक सर्जरी दूर होंगी कंधे से जुड़ी समस्याए

क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, कराटे जैसे खेलों में युवाओं की बढ़ती गतिविधियों के कारण देश के युवा वर्ग की जीवन-शैली भी तेजी से बदल रही है। इससे स्वास्थ्य समस्याओं की पहले से ही लंबी सूची में जोड़ों के लिगामेंट

टूटने, मांसपेशियों से संबंधित दिक्कतें, हड्डियों के कार्टिलेज खराब होने जैसी कई परेशानियां जुड़ गई हैं।

युवाओं में कंधे का डिसलोकेशन (कंधे का अपने नियत स्थान से खिसक जाना) और इससे जुड़ी दूसरी बीमारियां और मध्य आयु (मिडिल एज) के लोगों व बुजुर्गों में फ्रोजन शोल्डर (कंधा जाम होना या कंधा घुमाने में

दर्द होना) और शोल्डर रोटेटर कफ टीयर (सिर के ऊपर वस्तु उठाने में दिक्कत होना) नामक रोग अब तेजी से बढ़ रहे हैं। अतीत में लोग इन समस्याओं को बर्दाश्त कर लेते थे और जीवन शैली से समझौता कर लेते थे।

ऐसा इसलिए, क्योंकि तब एक ही विकल्प उपलब्ध था- बड़ी ओपन सर्जरी। इस सर्जरी की सबसे बड़ी समस्या यह थी कि इससे कंधे का मूवमेंट सीमित हो जाता था, लेकिन वर्तमान दौर में लोगों की अपेक्षा रहती है कि

कंधे का मूवमेंट सीमित न रहे। वर्तमान दौर में आज एमआरआई जांच और आर्थोस्कोपिक

सर्जरी के जरिये कंधे से संबंधित उपर्युक्त रोगों का इलाज कारगर ढंग से संभव है।

## 'की होल' सर्जरी

अब 'की होल' सर्जरी द्वारा छोटे चीरे से ही इस समस्या का अच्छी तरह इलाज किया जा सकता है। इससे न सिर्फ जटिलताएं कम होती हैं बल्कि परिणाम भी अच्छा हासिल होता है। साथ ही, स्वास्थ्य-लाभ (रिकवरी) भी काफी तेज होता है। कंधों के इलाज के लिए अतीत में देश के क्रिकेटर विदेश जाते रहे हैं। अब यह सब कुछ भारत में किया जा रहा है।

## युवाओं की समस्याएं

युवाओं में कंधे की जो समस्याएं सबसे आम हैं, उनमें एक है कंधे का बार-बार अपने नियत स्थान से हट जाना। इस स्थिति को शोल्डर डिसलोकेशन कहते हैं। यह समस्या कंधे की संरचना के कारण है, क्योंकि कंधे का जोड़ (ज्वाइंट) एक अस्थिर जोड़ है। इसमें बॉल बड़ी और सॉकेट छोटा है। इसलिए एक बार कंधा डिसलोकेट हो जाए तो 10 में से 7 मामलों में




इसके फिर ऐसा होने की संभावना रहती है। पहले इस तरह की समस्याओं का कारण ही नहीं पता चलता था क्योंकि जांच के दौरान आमतौर पर कोई चिकित्सकीय संकेत नजर नहीं आता था। मरीज इनके साथ ही जीना सीख जाता था। आज एमआरआई और सी टी स्कैन से कंधे की संरचनात्मक जांच और आर्थोस्कोपिक सर्जरी से ज्यादातर मामलों में एनाटॉमिक रिपेयर या एनाटॉमिक रिकंस्ट्रक्शन द्वारा सफल निदान संभव है।

## मिडिल एज की समस्याएं

मध्य आयु (मिडिल एज) के लोगों और खासकर डाइबिटीज के रोगियों में कंधा अक्सर सख्त या जाम हो जाता है। इसे फ्रोजन शोल्डर कहा जाता है। यह पीड़ित व्यक्ति के कार्यों को सीमित करने वाली बीमारी है और मरीज अक्सर करीब एक साल में पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। कंधे के बीच कॉर्टिसोन (स्टेरॉयड) इंजेक्ट करके ठीक होने की अवधि को कम किया जा सकता है, लेकिन कंधे से संबंधित गंभीर मामलों में आर्थोस्कोपिक सर्जरी जरूरी हो जाती है।

मध्य आयु के और बुजुर्ग लोग कफ डिजीज से भी ग्रस्त होते हैं। कफ मांसपेशियों का एक समूह है, जो कंधे के मूवमेंट को नियंत्रित करता है। यह सिर से कंधे के ऊपर तक जाता है और अक्सर हड्डियों के बीच दब जाता है, जो कभी-कभी फट जाता है। इसे रोटेटर कफ टीयर कहते हैं। इस समस्या का सफल उपचार आर्थोस्कोपिक सर्जरी है।

## सर्जरी के फायदे

आर्थोस्कोपिक सर्जरी कंधे की %की-होल% सर्जरी है, जहां जोड़ के अंदर के हिस्से को पेंसिल के आकार के एक पतले टेलीस्कोप से देखा जाता है। टेलीस्कोप से एक छोटा वीडियो कैमरा जुड़ा होता है और इस तरह जोड़ के अंदर का हिस्सा टीवी स्क्रीन पर देखा जा सकता है। यह सब एनेस्थेसिया देने के बाद दो या तीन छोटे सुराख के जरिए किया जाता है। चीरा या टांका लगाने की आवश्यकता नहीं होती। ऑपरेशन के बाद की अवधि में कम से कम असुविधा होती है और मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। मरीज को सिर्फ एक दिन अस्पताल में रहना पड़ता है और वह हल्की पट्टी लगाकर घर आ सकता है।

सप्ताह भर के बाद कई पट्टियां हट जाती हैं और मरीज को प्रेरित किया जाता है कि वह कंधे को हिलाए। फिजियोथेरेपी से वापस हिलाने की ताकत और क्षमता हासिल करने में सहायता मिलती है।

# ऐसे में न जाएं जिम

जिम में सभी फिट रहने के लिए जाते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि जिम जाने से शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है? किन-किन स्थितियों में जिम जाने से बचना चाहिए, बता रही हैं।

जिम जाएं सेहत बनाने के लिए, न कि सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए। आपकी उम्र कम या अधिक है या आप गर्भवती हैं या फिर आप अक्सर दोपहर में जिम जाते हैं तो तुरंत सावधान हो जाएं।

## अगर 14 साल से कम उम्र है

जिम 14 साल की उम्र के बाद ही जाना चाहिए। 14 वर्ष से कम उम्र में जिम में व्यायाम करने से बच्चों के शरीर को क्षति पहुंच सकती है, क्योंकि कम आयु में बच्चों की हड्डियां बहुत संवेदनशील होती हैं। उनकी मांसपेशियां और नसें भी नरम होती हैं। ऐसे में उन्हें जिम में हार्ड वर्कआउट करना नुकसानदायक होता है। यह शरीर के विकास पर भी बुरा असर डाल सकता है। इतना ही नहीं, यदि 15 से 20 वर्ष की उम्र में जिम जाना शुरू कर रहे हैं तो अपना बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) जरूर जांच करवा लें और उसके बाद डॉक्टर से सलाह लेकर ही जिम में एक्सरसाइज की शुरुआत करें।

## दोपहर के समय जिम नहीं

जिम जाने के लिए बेहतर समय तो सुबह का ही है, पर आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग अपनी सहूलियत के मुताबिक जिम जाने लगे हैं। कोई सुबह जाता है तो कोई शाम को और कोई रात को। अगर आप सुबह वक्त नहीं निकाल पा रहे हैं तो शाम और रात का समय जिम में वर्कआउट के लिए फिर भी ठीक है, लेकिन दोपहर लगभग बारह बजे से चार बजे तक जिम जाने से बचें। इस समय आपका शरीर वर्कआउट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं होता। अगर रात को आप खाना देर से खाते हैं तो ही रात को जिम जाएं और खाना खाने के बाद जिम में एक्सरसाइज बिलकुल न करें।

## गर्भवती या मासिक धर्म होने पर

फिटनेस फिएस्टा की कोच गीता चौधरी बताती हैं कि महिलाओं के लिए जिम जाना अच्छा होता है। इससे भविष्य में उनकी सेहत को फायदा होता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं को जिम जाने से गुरेज करना चाहिए। इसकी अपेक्षा वह योग या अन्य हल्के व्यायाम डॉक्टर से सलाह ले कर करें। इसके अलावा डिलीवरी होने के बाद भी पांच महीने तक जिम न जाएं। उसके बाद अपनी डिलीवरी रिपोर्ट जिम इंस्ट्रक्टर को दिखा कर उनकी सलाह के अनुसार जिम में व्यायाम शुरू करें। महिलाओं को मासिक धर्म के समय भी जिम नहीं जाना चाहिए, बल्कि मासिक धर्म का दर्द शुरू होने पर भी जिम न जाएं। उस समय महिलाओं में रक्त संचार तेज होता है, जिसमें जिम की एक्सरसाइज से महिलाओं को काफी परेशानी होती है। उन्हें कमजोरी महसूस हो सकती है, चक्कर आ सकते हैं।



## 45 पार कर गए तो

लगभग 45 की उम्र के बाद शरीर की शक्ति कम हो जाती है, साथ ही हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। इस अवस्था में जिम में व्यायाम करने पर कई तरह की परेशानियां शरीर को सताती हैं। ऐसे में जिम सोच-समझ कर ही जाएं। यदि आप पहले से जिम नियमित तौर पर जाते रहे हैं तो 60 वर्ष की आयु तक भी जिम जा सकते हैं, क्योंकि ऐसे में शरीर में पहले ही स्ट्रेंथ बन जाती है।

## कमर या पैर की तकलीफ में

कमर या पैर संबंधी गंभीर रोग या परेशानी होने पर जिम से परहेज करें। यही नहीं, किसी भी तरह की अंदरूनी बीमारी जैसे अटैक्स, पथरी आदि में भी जिम का व्यायाम नुकसानदायक हो सकता है। हो सके तो ऐसी परिस्थितियों में जिम को नजरअंदाज ही करें या अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही जिम में वर्कआउट करें।

# बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभरलेक में लगेगा स्मार्ट बोर्ड

### 'उत्सव' में झलकी सांस्कृतिक झलक, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत रहे मुख्य अतिथि

जयपुर टाइम्स





**सांभरलेक(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम "उत्सव-2025" हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्राओं की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, नाटक, कविता, गायन प्रस्तुत किए गए। जिसमें बालिका शिक्षा व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और बोर्ड व स्थानीय परीक्षाओं में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम वाली छात्राओं व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वर्ष पर्यंत विभिन्न क्षेत्रों में खेल, साहित्य, संगीत, पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में ब्लॉक व जिला स्तर पर पुरस्कार जीतने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष का स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार कक्षा 12 की छात्रा जया स्वामी को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, विशिष्ट अतिथि नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी, सचिव जितेंद्र डांगरा, समाज सेवी वर्धमान काला, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुमार सांभरिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के रमेश कुमार बंसीवाल, प्रशासनिक अधिकारी हनुमान सहाय कुमावत मौजूद रहे। इस दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की पुलिसकर्मी सुमन देवी ने बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और मनचलों को सबक सिखाने के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बालिका सुरक्षा के लिए 112 नंबर जारी किए गए हैं। इस नंबर पर कॉल करते ही मात्र 5 मिनट में महिला पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंच जाएगी। रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच बालिकाओं ने एक नाटक की प्रस्तुति देकर सामाजिक कुरीति और अभिशाप बन चुकी बुराई बाल विवाह प्रथा को मिटाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत को विद्यालय भवन के नकारा घोषित 6 कक्षा कक्षों को तुड़वाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता व कला संकाय में भूगोल व गृह विज्ञान विषय खुलवाने की मांग रखी। प्रधानाचार्य ने सभी भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों व अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी ने विद्यालय को एक स्मार्ट बोर्ड देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत ने भी विद्यालय की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पत्रकार लक्ष्मीकांत शर्मा, रूपचंद गुर्जर, सुनील कुमावत, कालीचरण सैनी, नासिर खान, मुकेश शर्मा, रामनारायण चौधरी को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता स्वाति यादव, लाविका छीपा, शैला चौहान, गीता जाखड़, विनोद दुलारिया, अनिल माहेश्वरी, प्रेमप्रकाश जांगिड़ , कल्याणसिंह गुर्जर, राहुल परेवा, मानसिंह, मुकेश कुमार मौर्य, कुंदन मल राजोरा, हेमराज मीणा, विपिन खंडेलवाल, काशीराम, दीपक कुमार, परशुराम मीणा, सुचित्रा जैन, महेंद्र कुमार दायमा, हितेश कुमावत, किरण कुमावत, गजेंद्र सिंह राजपूत, रामप्रसाद शर्मा, सुरेंद्र सिंह मीणा, सुमन, राजेश सेन, प्रभु देवी, गोकुल शर्मा व अभिभावकों सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 फरवरी को

**पावटा(निसं.)।** कस्बे के राम मैरिज गार्डन में महात्मा फुले ब्रिगेड एवं ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संयुक्त तत्वधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियो लेकर बैठक समिति अध्यक्ष रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बता दे 11 वा सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी को आयोजित होगा। वही समिति अध्यक्ष राम सिंह सैनी ने समिति कार्यकर्ताओं से सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।समिति सचिव रामनिवास सैनी ने बताया कि निंमत्रण कार्ड, बारात का ठहराव,गोरवा, बारात मार्ग को रेखाकित, दहेज सामान,जल-पान, अतिथि सेवा सत्कार ओर मंच व्यवस्था ,पंण्डितों आदि की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौप दी गई है।समिति सदस्य रामसिंह पाथराण ने कहा की समिति की ओर से उपहार में दिए जाने वाला सामान काफी सारा तो भामाशाह द्वार प्राप्त हो गया है बाकी सामान आज समिति द्वारा खरीदा गया है। आयोजन को लेकर कार्यकर्ता मे भारी उत्साह है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2024-25/9577 दिनांक- 28-01-2015

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमति अनिता देवी पत्नी श्री दिवान चन्द | वार्ड नम्बर 07 राजलदेसर | 127.67 वर्ग मीटर | 1285 | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग विभाग, खण्ड तारानगर**

कमांक- 2488-2500 दिनांक- 29-1-2025

**निविदा सूचना संख्या 121-122/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड तारानगर हेतु निविदा सूचना संख्या 121-122/2024-25 में वर्णित सामान की आपूर्ति हेतु निर्माता / अधिकृत विक्रेताओं / प्रतिष्ठित फर्मों से निर्धारित प्रपत्र दोहरा लिफाफा पद्धति के आधार पर निविदाऐं आमंत्रित की जाती है ।

इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड / अपलोड, तकनिकी बिड खोलने की तिथि एवं निविदा शुल्क / धरोहर राशि जमा कराने की तिथियां एवं निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वैवसाईट SPPP पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये है जिस पर देखा जा सकता है तथा वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते है । सभी विवरण इस कार्यालय में भी देखें जा सकते है ।
डिवीजन कोड - 6612

| Particular | Bid Security | Tender Cost |
|---|---|---|
| Budget Head | Bid-Securing Declaration | 0075-00-800-52-01 |

ई-ग्रास के माध्यम से बैंक में / ऑनलाईन राशि उपरोक्त मदो में जमा करवाकर चालान को टेण्डर डोक्यूमेंट के साथ सम्मिलित करें ।
निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है-

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 121/2024-25 | PHE 2024-25 GSOB 08790 |
| 2 | 122/2024-25 | PHE 2024-25 GSOB 08792 |

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार
DIPR/C/1351/2025

(राजेश कुमार जांगिड)
अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग;
खण्ड तारानगर


# रामनिवासपुरा को नवीन ग्राम पंचायत बनाने को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाईम्स



**चाकसू(निसं.)।** चाकसू विधानसभा क्षेत्र के गांव रामनिवासपुरा जो कि पूर्व में छान्देल कलां ग्राम पंचायत में शामिल था। जो हाल की में हुए ग्राम पंचायत परिसिमन में ग्राम रामनिवासपुरा को ग्राम टिगरिया में शामिल करते हुए ग्राम पंचायत का घटन किया गया था। जो न्याय संगत नहीं था क्योंकि ग्राम रामनिवासपुरा की आबादी लगभग 5000 से अधिक है तथा वर्तमान में लगभग 1400-1500 मतदाता ग्राम रामनिवासपुरा के ही निकासी है इसके बावजूद ग्राम टिगरिया की आबादी लगभग 250- 300 के लगभग है जिसको ग्राम पंचायत घोषित किया गया था जी की उचित नहीं था। अतः निवेदन है कि ग्राम की आबादी व मतदाताओं की सुविधाओं को देखते हुए ग्राम रामनिवासपुरा में ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि यदि ग्राम रामनिवासपुरा को ग्राम पंचायत बनाया जाता है तो उक्त ग्राम के पास ही के गावं थूणीरामलक्ष्मणपुरा गांव से दूरी लगभग 700 मीटर, ग्राम राघवपुरा रामनिवास से दुरी लगभग 500 मीटर, इन्द्रा कालोनी बन्धा वाली ढाणी 400 मीटर की दूरी, ढेर की ढाणी से 300 मीटर की दूरी है सभी ढाणीयों व ग्राम की आबादी भी लगभग 800-900 की तथा लगभग 400 से 450 मतदाता यहां निवास करते है इस प्रकार से उक्त ग्राम रामनिवासपुरा को ग्राम पंचायत बनाया जाता है तो ग्राम पंचायत की तीनों ग्रामों को मिलाकर मतदाताओं की लगभग संख्या 2500 से उपर होती है। यह कि भौगोलिक दृष्टि से भी ग्राम रामनिवासपुरा की ग्राम पंचायत होनी चाहिए। विभिन्न मांगों को लेकर चाकसू उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मौके पर ओमप्रकाश, विनोद शर्मा, पूर्व सरपंच भगवान सहाय, महिपाल, सोपाल, सुरेश, रामवतार, मुरारी, दिनेश, किशन, सुरजन, हेमराज गुर्जर, मन्नालाल, उमराव सिंह, बाबूलाल, जगदीश सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बसन्त पंचमी पर होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन



जयपुर टाईम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** ऊपरमाल,बरड़ व खैराड़ क्षेत्र गुर्जर समाज द्वारा श्री देवनारायण भगवान के 113 वें जन्मोत्सव पर देव डूंगरी देवनारायण मंदिर पर बंधेज पूर्णाहुति व चौथे निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बसन्त पंचमी रविवार को किया जाएगा।शनिवार को प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और रात्रि जागरण व सत्संग का आयोजन होगा।रविवार सुबह हवन पूर्णाहुति,दोपहर को पाणिग्रहण संस्कार व सामूहिक प्रीतिभोज प्रारम्भ होगा।

## श्री श्री यादेमाता जयंती पर निकाली शोभायात्रा



जयपुर टाईम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** श्री श्री यादेमाता जयंती पर ऊपरमाल प्रजापति नवयुवक मंडल के तत्वावधान में प्रजापति समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मौजूद समाजजन धार्मिक भजनों की धुन पर नाचते-गाते श्रीयादे माता के जयकारे लगाते साथ चल रहे थे।शोभायात्रा में श्रीयादे माता की आकर्षक झांकिया भी सजाई गई। मंदाकिनी महादेव मंदिर से भगवान लड्डु गोपाल की पूजा-अर्चना व माताजी की आरती के बाद शुरू हुई शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से हो कर विंध्यवासिनी शक्तिपीठ पहुंची।जहां श्री श्रीयादेमाता जी की महाआरती कर सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया गया।इस दौरान 27 गांवों से आए प्रजापति समाज के महिला-पुरुष व युवा मौजूद रहे।

# "फार्मर रजिस्ट्री" शिविर में अधिक से अधिक कृषकों को करें लाभांवितः जिला कलक्टर

जयपुर टाईम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतों में 5 फरवरी से 31 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन के संबंध में शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के बारे में कृषकों को व्यापक जानकारी उपलब्ध करवाकर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला नोडल अधिकारी को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के लिए समस्त जिले का कैम्प चार्ट तैयार कर कैम्प प्रभारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से शिविर आयोजन हेतु प्रत्येक काउंटर पर नियुक्त होने वाले कार्मिकों का चयन कर सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को ग्राम पंचायतों के माध्यम से शिविरों के आयोजन में जिला प्रशासन का सहयोग करने एवं फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में ई-केवाईसी के लिए कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आईईसी गतिविधियों के माध्यम से शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को शिविरों में ई-केवाईसी हेतु कृषि पर्यवेक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं किसान, लाभार्थियों को शिविरों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाकर उन्हें शिविरों के जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक पंकज मीणा को शिविरों में ई-केवाईसी हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूचना सहायकों की उपस्थिति एवं ई-मित्र संचालकों की उपस्थित मय कम्प्यूटर प्रिन्टर के साथ सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति सवाई माधोपुर को शिविरों में पीएम किसान के लाभार्थियों को रजिस्ट्री करवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक किसान शिविरों में रजिस्ट्री करवा सके। बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम अनूप सिंह, संयुक्त निदेशक पंकज मीणा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी राजकुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक पशुपालन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु**

ई-44 अग्रसेन नगर चूरू
E-mail: eemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01562-254670
क्रमांकःप.01()/चि.स्वा./खण्ड-चूरु / 2024-25/1353 दिनांक- 22-01-25

**निविदा सूचना संख्या - 18/2024-25**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू के सामु. स्वा. केन्द्र एवं उप जिला अस्पताल पर विधुतीकरण के कार्य राशि रु. 67.00 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं ।
UBN No. NRH 2425 WSOB02206

(राजेश कुमार सोलंकी)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू
DIPR/C/1062/2025



**कार्यालय- अधिशाषी अभियन्ता, दशम खण्ड, इ. गा. न. प. तारानगर (चुरू)**

क्रमांक / निविदा/2024-25 / 2173-79 दिनांक- 21.01.2025

**निविदा सूचना संख्या 04 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों की राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र पर निविदाये आमंत्रित की जाती हैं । कार्य का विवरण व अन्य शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर्यालय समय में देखी जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित शुल्क का भुगतान कर दिनांक 03.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय किये जायेगे। निविदाऐ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 03.02.2025 को साय 3.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन साय 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जावेगी। किसी भी दिवस को अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस की दिनांक मान्य होगी। किसी भी निविदा को स्वीकार करने व बिना कारण बताये अस्वीकार करने का समस्त अधिकार अधेहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। निविदादाता को निविदा प्रपत्र भरते समय आर. पी. डबल्यू ए. 100 (मानक अनुबन्ध फार्म) की समस्त शर्ते मान्य होगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेवसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp&htt://sppp.rajasthan.nic.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN is:IGB2425WSOB00620, UBN is:IGB2425WSOB00621,
UBN is:IGB2425WSOB00622, UBN is:IGB2425WSOB00623,

(प्रभु सिंह राठौड़)
अधिशाषी अभियन्ता
दशम खण्ड, इ. गा.न.प.
तारानगर (चूरू)
DIPR/C/1023/2025


## निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन




जयपुर टाईम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे के दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र में शुक्रवार को दो दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में दामोंह के नाड़ी वैद्य ब्रह्मचारी रोहित भैया ने करीब 200 रोगियों का उपचार किया और परामर्श दिया। उनके साथ डॉ. वैभव जैन डॉ. मिथिलेश जैन ने सहयोगी के रूप में कार्य किया। दिगंबर जैन बघेरवाल सेवा संघ मेवाड़ प्रांत द्वारा निःशुल्क दवाइयां वितरण की गई। शनिवार को भी शिविर में रोगियों को देखा जाएगा। शिविर दिगंबर जैन बघेरवाल सेवा संघ मेवाड़ प्रांत और युवा परिषद् मेवाड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

## रेलवे सुरक्षा बल को मिली बड़ी कामयाबी, रेल संपत्ति चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर पिकअप ज़ब्त

जयपुर टाईम्स




**फुलेरा(निसं.)** फुलेरारेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता के चलते शुक्रवार को सुबह एक पिकअप में रेल संपत्ति चोरी कर ले जाने से पूर्व आरोपी को धर दबोचा व चोरी में प्रयुक्त पिकअप को जप्त किया। रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 6.00 बजे आईओडब्ल्यू ऑफिस में तैनात चौकीदार ने आर पी एफ थाने पर फोन कर सूचना दी की रामलीला ग्राउंड में रेलवे स्क्रैप में से एक पिकअप वाला पिकअप में स्क्रैप भर रहा है, सूचना मिलते ही निरीक्षक राजेश सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे जहां एकयुवक रेलवे स्क्रप को पिकअप में लेजाते को पकड़कर थाने ले जा कर युवक से पूछताछ की। वही सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) ने रेल संपत्ति चोरी करने तथा पिकअप में डाले गए रेल संपत्ति की प्राथमिक की दर्ज कराई। रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक ने रेल संपत्ति चोरी अधिनियम केतहत मामला दर्ज कर आरोपी दिलीप सिंह पुत्र चंदनसिंह निवासी गणेश विहार फुलेरा को गिरफ्तार कर चोरी करने के काम में ली जा रही है पिकअप आर जे 14 जीजी 9103 को जप्त किया।


**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail: nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. 01560-262028
क्रमांक - नपाबी / 2024-25 / 2277 दिनांक 30.01.2025

प्ररूप- 13 (देखें नियम 13 (2)

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में लाया गया है कि नगरपालिका क्षेत्र बीदासर में निम्न खसरा नम्बरान राजस्व ग्राम बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू में स्थित खसरा सं 2292 / 2221, 2293 / 2221 व 2294 / 2221 तादादी 0.7924, 0.8435 व 0.4804 हैक्टयर में से खसरा संख्या 2292 / 2221, 2293/2221 व 2294 / 2221 तादादी 0.7924, 0.8435 व 0.4804 हैक्टयर कुल भूमि 2.1163 हैक्टयर भूमि भाग का 31.12.2021 से पूर्व की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है / किया गया है और इसलिये उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार / हित ( कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि प्रयोजनार्थ श्री जीतमल पुत्र श्री पोकरमल, श्री पोकरमल पुत्र श्री मालाराम, श्री बाबूलाल पुत्र श्री हनुमानमल, श्री श्रवणकुमार पुत्र श्री हनुमानमल, श्री शोभाचन्द पुत्र श्री उदाराम, श्री सुरेन्द्र पुत्र श्री पोकरमल व श्री सोहनलाल पुत्र श्री भंवरलाल निवासीगण बीदासर तहसील बीदासर जिला चूरू) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 07 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिये क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लगमों से मुक्त निहित किया जा सकें ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2025 (वर्ष) के 01 (मास) के 30 दिन को जारी की जाती है।
स्थान- बीदासर
नोटः- संबंधित खातेदार इस लोक सूचना को व्यक्तिगत तामिल भी समझें व कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका बीदासर में अपनी आपत्ति करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बीदासर (चूरू)

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
01 फरवरी, 2025

## पाटन विकास अधिकारी ने किया अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण

### भोजन की गुणवत्ता की जांच



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** विकास अधिकारी शशि बाला ने गुरुवार को पाटन क्षेत्र स्थित श्रीअन्नपूर्णा रसोई योजना ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और कर्मचारियों से साफ-सफाई व स्वच्छता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही बाला ने कर्मचारियों से यह भी कहा कि यदि कोई समस्या उत्पन्न हो तो उन्हें अवगत कराया जाए ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके। इस निरीक्षण में वरिष्ठ सहायक नोरंगलाल भारद्वाज भी उपस्थित रहे। बाला ने रसोई में कार्यरत कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति सजग रहने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। यह कदम क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## रतिनाथ महाराज की समाधि स्थल का भूमि पूजन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड के बऊधाम आश्रम में संतों के सानिध्य में शुक्रवार को रतिनाथ महाराज के समाधि स्थल का भूमि पूजन विधि विधान से ओमनाथ महाराज ने किया। आश्रम के सेवक व महाराज के अनन्य भक्त पवन बूटोलिया ने बताया कि अमृत नाथ आश्रम फतेहपुर के पीठाधीश्वर नरहरी नाथ के सानिध्य में आयोजित भूमि पूजन समारोह में रोशननाथ महाराज, प्रवीण नाथ महाराज, राधेश्याम लाटा, प्रमोद डिडवानिया, योगेश जोशी, जिला परिषद सदस्य मनोहरण नैन, बलदेव सिंह, रविन्द्र चिराणिया, ओमप्रकाश स्वामी, रामनिवास पीटीआई, गिरधारी लाल स्वामी, अमर सिंह सहित आश्रम के सेवक महाराज के भक्त व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आरएएस प्री परीक्षा के लिए जिला प्रशासन सख्त

### ड्यूटी तामील नहीं कराने पर पर्यवेक्षक को दिया नोटिस

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** 2 फरवरी को आयोजित होने वाली आरएएस प्री भर्ती परीक्षा में व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए जिला प्रशासन सख्त है। इसी क्रम में 29 जनवरी को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहने व अपनी ड्यूटी तामील नहीं करवाने पर झुंझुनूं कृषि उपज मंडी सचिव प्यारेलाल महला को परीक्षा समन्वयक व अतिरिक्त जिला कलक्टर अजय कुमार आर्य ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि उक्त अधिकारी को ड्यूटी तामील कराने के लिए बार बार दूरभाष पर संपर्क किया गया था, लेकिन ड्यूटी तामील नहीं की गई, जिसके बाद यह एक्शन लिया गया है।

## कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** क्षेत्र में शुक्रवार को मौसम ने करवट बदली और सुबह से ही घना कोहरा छा गया। कोहरे की वजह से दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो गई, जिससे वाहनों की गति धीमी पड़ गई। काफी दिनों बाद छाए इस कोहरे से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, प्रदेश में 2 से 4 फरवरी के बीच एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान उदयपुर, कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश हो सकती है। गुरुवार की शाम को चली सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान किया। हवाएं नश्तर की तरह चुभती रहीं। जिससे बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। हालांकि दोपहर में खिली तेज धूप ने कुछ राहत दी, लेकिन शाम को फिर तेज हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। किसान अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की पाइप लाइन को बदलने गया था। किसान की पहचान वार्ड 43 निवासी टोरू उर्फ छोटू मेघवाल (35) के रूप में हुई है। गुरुवार शाम को टोरू अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की पाइपलाइन को बदलने गया था। पाइप लाइन बदलते समय अचानक उसे करंट का झटका लगा और वह बिजली की लाइन से चिपक गया। परिवार को घटना की जानकारी अगले दिन शुक्रवार सुबह तब मिली, जब वे खेत पहुंचे। कोतवाली थाना के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि किसान के बड़े भाई विनोद बालाण ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डीबी अस्पताल की मॉर्चुरी में भेजा। शुक्रवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



# मेहरादासी में रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले की मंडावा पंचायत समिति की मेहरादासी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व जिला प्रमुख हर्षनी कुलहरि ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव में जाकर वहां की समस्याओं से रूबरू होकर उन समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने मंडावा एसडीएम मुनेश कुमारी को निर्देश दिए कि एक पखवाड़े में यहां प्राप्त सभी समस्याओं का समाधान करवाएं। चौपाल में आवारा पशुओं के लिए ग्राम पंचायत में ही गौशाला की स्वीकृति के प्रस्ताव भिजवाने के लिए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने ग्रामीणों की समस्याओं को साधारण सभा की बैठक के माध्यम से भी निस्तारित करवाने की बात कही। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 31 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याएं शामिल थीं। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर मीणा को गांव के गौरव पथ पर पानी निकासी, डिग्गी की मरम्मत करने, विद्युत लाइन शिफ्ट करने, विकलांग कर्मवीर को रोजगार के लिए ऋण का आवेदन करवाने सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। रात्रि चौपाल में जिला परिषद के सीईओ कैलाश चंद्र, मंडावा एसडीएम मुनेश कुमारी, मंडावा विकास अधिकारी अमित चौधरी, सरपंच ओमप्रकाश मोगा सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में साहित्यिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों का समापन

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** राजकीय महाविद्यालय पाटन में साहित्यिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदनलाल मीणा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया कि 27 जनवरी को आयोजित कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में पंकज ने विजेता, जबकि हिमांशु धोबी ने उप विजेता स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में पारुल धानका विजेता रही, जबकि विशाखा सैनी उपविजेता रही। 28 जनवरी को छात्र वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में हिमांशु धोबी की टीम ने जीत हासिल की। 29 जनवरी को सतोलिया प्रतियोगिता में निशु स्वामी की टीम विजेता रही और वॉलीबॉल छात्र वर्ग में हिमांशु शर्मा की टीम ने प्रतियोगिता जीती। 31 जनवरी को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में निशा मीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रवीना द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में सहायक लेखा अधिकारी एम. एम. वर्मा, डॉ. सीता मीणा और डॉ. विपुल जोरासिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. ओमपाल कुमार कालावत ने किया। समापन अवसर पर सहायक प्रभारी डॉ. किरण यादव ने विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. मदनलाल मीणा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सच्ची लगन और मेहनत से तैयारी करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह के समापन की घोषणा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने की।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

# कलेक्टर ने बताया यातायात नियमों का महत्व

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय में जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में हुआ। जिला कलेक्टर मीणा ने यातायात नियमों के महत्व के बारे में बताते हुए उनका पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर व विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनियां, पीडब्ल्यूडी एसई महेन्द्र सिंह झाझड़िया, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह रहे।

जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खन लाल जांगिड़ ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने "2-डी फॉर्मूले" (प्रथम डी डॉक्टर और द्वितीय डी ड्राइवर) के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया और आमजन से यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों से बचने के लिए ड्राइवरों को पूरी सतर्कता से वाहन चलाना चाहिए, जैसे एक डॉक्टर अपने कार्य में सतर्क रहता है। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी, परिवहन निरीक्षक रोहिताश भगासरा, सुमित कुमार, गजेन्द्र सिंह, राकेश कुमार खारिया, पंकज कुमार, राधेश्याम जांगिड़, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार, अभिलाषा और अन्य स्टाफ सहित बड़ी संख्या में आमजन और विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना शर्मा ने किया।

# साइबर ठगों की गैंग में स्टूडेंट्स शामिल, 4 गिरफ्तार, ठगी के लिए अकाउंट और सिम बेचते थे

जयपुर टाइम्स



**अजमेर(निसं.)।** साइबर ठगों की गैंग में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी शामिल है। अजमेर साइबर थाना पुलिस ने चार स्टूडेंट्स को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 4 मोबाइल जब्त किए हैं, जिसमें 5 करोड़ रुपए तक की चैट तक मिली है। ट्रांजैक्शन की भी जांच की जाएगी। बता दे कि 2 दिन पहले साइबर थाना पुलिस ने इसी गिरोह के 4 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने अन्य चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना पुलिस सभी 8 आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आईपीएस श्रवण कांबले ने बताया- दो दिन पहले गिरफ्तार 4 आरोपियों से पूछताछ के बाद गिरोह में शामिल सुभाष नगर भीलवाड़ा निवासी शुभम सिंह (23), शुभम खटीक (22), ललित सिंह (23) और हर्षित सिंह (23) को गिरफ्तार किया है। शुभम सिंह बीए कर रखा है। शुभम खटीक 10वीं पास है। हर्षित सिंह 12ह्ह्द पास, तो वही ललित बीसीए पास है। चारों के कब्जे से 4 मोबाइल बरामद किए गए हैं। यह सभी आरोपी भी कमीशन पर अकाउंट खोलकर साइबर ठगों तक अकाउंट्स और सिम कार्ड बेचा करते थे। निचले लोगों को करीब 4 से 5 हजार का कमीशन देकर उनके डॉक्यूमेंट से अकाउंट और सिम कार्ड खुलवाकर आगे भेजते थे। आईपीएस ने बताया- गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल्स और ट्रांजैक्शन सहित चैट्स खंगाली जा रही है। एक आरोपी की चैट में 5 करोड़ से ज्यादा की चैट मिली है। हालांकि इसे लेकर विश्लेषण किया जा रहा है। यह सभी 4 आरोपी पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से 1 साल से कांटेक्ट में थे। सभी आपस में एक-दूसरे को अकाउंट्स बेचने का काम करते थे। बाद में उन अकाउंट्स को आगे साइबर ठगी और अन्य गतिविधियों के लिए भेजा जाता था। आरोपियों के मोबाइल नंबर भी साइबर ठगी से जुड़े हुए हैं। हर अकाउंट की आरोपियों के द्वारा अलग कीमत रखी जाती थी। जिस अकाउंट में जितना बड़ा ट्रांजैक्शन होता है उस अकाउंट की कीमत सबसे ज्यादा होती है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि कोऑपरेटिव अकाउंट को यह सभी आरोपी 4 लाख रुपए में बेचा करते थे। सेविंग अकाउंट 50 हजार तो वही करंट अकाउंट को दो से तीन लाख रुपए में बेचा करते थे। इन चारों आरोपियों ने खुद के नाम पर भी 5 से 6 अकाउंट अलग-अलग बैंक में खुला रखे थे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पंजीकरण व जागरूकता कार्यक्रम




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर पंजीकरण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को खाना खजाना गार्डन रिसॉर्ट, झुंझुनूं में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन एमएसएमई विकास व सुविधा कार्यालय, जयपुर, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, जिला औद्योगिक एवं वाणिज्य केन्द्र, झुंझुनूं और राजस्थान स्वर्णकार संघ के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम अजय कुमार आर्य ने अपने संबोधन में कारीगरों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाकर इस योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के संयोजक गिरिश कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, जयपुर ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है। यह योजना राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है, जिसमें विभिन्न ट्रेड के कारीगरों का पंजीकरण किया जा रहा है। स्वर्णकार समुदाय भी इसमें शामिल है। इस योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले कारीगरों को कई लाभ मिलते हैं, जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण, आसान ऋण और टूल किट का वितरण आदि। कार्यक्रम में लगभग 300 कारीगरों, खासकर स्वर्णकार कारीगरों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त नानू राम गहनोलिया, राजस्थान स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शिवकरण जानू, समेत उद्यमी मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने निकाली पैदल यात्रा



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने शुक्रवार को मंडावा से झुंझुनू तक पैदल यात्रा निकाली। मारपीट मामले में एक ही मजहब के लोगों के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए गुढ़ा ने इंसाफ दिलाने को लेकर कस्बे के सुभाष चौक से पैदल यात्रा शुरू की जो वाहिदपुरा, हेतमसर, दुराना, आबूसर होते हुए झुंझुनू कलेक्ट्रेट पहुंची। 22 जनवरी को नेमिनाथ मार्केट में संचालित एक लाइब्रेरी में घुसकर थाने का हिस्ट्रीशीटर अनवर, पार्षद सत्तार खान सहित अन्य ने छात्रों के साथ मारपीट की थी जिसमें दो छात्रों के गंभीर चोटे भी आई थी तथा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में पांच जनों को गिरफ्तार किया था। तथा मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई थी। गुढा का कहना है की पुलिस को दोनों पक्षों का मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और एक तरफा दबाव में कार्रवाई की गई। जिस पक्ष पर पुलिस ने कार्रवाई की है, उनको न्याय दिलाने को लेकर ही पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा आंदोलन कर रहे हैं।

## कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह और सांस्कृतिक सप्ताह का समापन




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में 27 से 31 जनवरी तक खेलकूद और सांस्कृतिक सप्ताह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान खो-खो, कबड्डी, दौड़, भाला फेंक, बैडमिंटन और रस्सा-कशी खेलों का आयोजन किया गया। प्राचार्या सुनीता बेनीवाल ने बताया कि खो-खो में बी. ए. तृतीय वर्ष का दीवांशी दल, कबड्डी में बी. ए. तृतीय वर्ष का सोनिया दल, दौड़ में भूमिका- प्रथम, रेणुका राठौर द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक में रिया कुमारी प्रथम तथा अलका द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सारिका जांगिड़, रस्साकशी प्रतियोगिता में बीएससी का नेहा दल विजेता रहे। सप्ताह भर में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गायन में नीलम, एकल नृत्य में अनम, और सामूहिक नृत्य में दीवांशी दल विजेता रहे। इस दौरान महाविद्यालय में काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। अंतिम दिन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## फार्म हाउस के बाहर बैठे युवक पर ताबड़तोड़ हमला

**भीलवाड़ा** (निस)भीलवाड़ा में कुछ बदमाशों ने फार्म हाउस के बाहर बैठे 4 लोगों पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसा दी। हमले में एक युवक का एक हाथ और एक पैर टूट गया। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार रात 9.45 बजे जिले के कारोई थाना इलाके के सोपुरा गांव में हुई। कारोई थाना इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया- हमले की सूचना पर शुक्रवार सुबह महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचे। वहां भर्ती तगड़िया गांव निवासी मदन गुर्जर (30) पुत्र भूरालाल के बयान लेकर मामला दर्ज किया। पीड़ित ने बताया- कल (30 जनवरी) रात मैं गुड़ला से सोपुरा गांव आया था। सोपुरा में कंजर बस्ती के पास मेरे फार्म हाउस पर 10-15 मिनट के लिए रुका था। फार्म हाउस के मेन गेट के पास अलाव पर हाथ ताप रहा था।

## ठाकुर जी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, भंवरलाल शर्मा की मूर्ति का भी अनावरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के गांव जैतसीसर में विधायक अनिल भंवरलाल शर्मा ने ठाकुर जी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया। पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान विद्वान पंडितो की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के तहत मंदिर में ठाकुर जी महाराज सहित अन्य देवी देवताओं की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। वहीं मंदिर परिसर में पंडित सेवगराम, पार्वती देवी व पंडित भंवरलाल शर्मा की भी मूर्ति का अनावरण विधि विधान के साथ किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संत दयनाथ जी महाराज ने किया। वहीं मंदिर परिसर में पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के साथ गुरुवार को रात्रि को पवन शर्मा पार्टी की ओर से भव्य सुंदरकांड पाठ सहित भजनों का भी आयोजन किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संपन्न होने के बाद प्रसादी की गई।

## अनाज के कट्टे ऑटो में डालकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में एएसआई गोरुराम प्रजापत ने कृषि उपज मंडी में अनाज के कट्टे ऑटो में डालकर चोरी कर ले जाने वाले आरोपी वार्ड 5 निवासी 27 वर्षीय किशनलाल पुत्र भेराराम प्रजापत को कान्हा होटल के पास से ऑटो सहित गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार शाम को बन्धनाउ दिखनादा निवासी राकेश कुमार जाट ने मामला दर्ज करवाया था कि पिछले दो महीने से प्रतिदिन सुबह 5 बजे के करीब मेरी दुकान के आगे रखे अनाज के कट्टों में से चोर चोरी कर रहा है। अन्य दुकानदारों से चर्चा की तो उन्होंने भी बताया कि हमारी दुकान के आगे से भी इसी तरह चोरी हो रही है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच एएसआई गोरुराम प्रजापत को सौंपी गई। एएसआई गोरुराम प्रजापत ने मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही चोरी का खुलासा करते हुए अनाज चोरी करने वाले वार्ड 5 निवासी 27 वर्षीय किशनलाल प्रजापत को ऑटो सहित गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।



## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में उमड़ी भीड, 150 रोगियों की जांच



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील की ग्राम पंचायत आसपालसर कुंतलसर में वोकार्ड फाउंडेशन की ओर से एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत मुख्यालय के आईटी सेंटर में आयोजित इस शिविर में करीब 150 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। एचएएफसीआई एक्सिकॉम ग्रुप के सहयोग से संचालित वोकार्ड फाउंडेशन की ओर से क्षेत्र में निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। फाउंडेशन समय-समय पर नि:शुल्क दवा वितरण भी करता है। जिससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। शिविर का शुभारंभ सरपंच मनीराम कांवलिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी श्रीराम प्रजापत, च्यानणमल पोकरणा, आसुसिंह, इन्द्रराज धेतरवाल, जैसाराम और चिरंजीलाल नाई सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे। चिकित्सकीय टीम में डॉ नासिर, डॉ गंगाराम के साथ फार्मासिस्ट रोहतास, जितेंद्र कुमार, रोहित और मोहित ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में समाज सेवी श्रीराम प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पूजा के नेत्रों से दो नेत्रहीन देख सकेंगे दुनियां

### नेत्र संग्रह केन्द्र खुलने के पहले दिन पहला नेत्रदान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर (निस)।** शहर की पूजा दूगड़ इस दुनियां से अलविदा कर गई मगर जाते जाते दो लोगों के अन्धेरे जीवन को रोशनी दे गई। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू गांधी विद्या मंदिर स्थित नेत्र संग्रह केन्द्र के कार्डिनेटर गणेशदास स्वामी ने बताया कि 30 जनवरी को चूरू जिले का पहला नेत्र संग्रह केन्द्र का शुभारंभ किया गया। उसी रात को पूजा दूगड़ धर्मपत्नी शान्तिप्रकाश दूगड़ का 38 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया।पूजा के निधन के बाद उनके परिजन शान्ति प्रकाश दूगड़ व दुलीचन्द दूगड़ ने नेत्रदान का लोक कल्याणकारी निर्णय लिया। नेत्रदान के लिए विनीत पींचा व तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने नेत्रदानी के परिजनों का आभार प्रकट किया। नेत्र संग्रह भंवरलाल प्रजापत की ओर से करके आई बैंक सोसायटी जयपुर भेजा गया हैं। पूजा दुगड़ की आंखों से दो नेत्रहीन दुनियां देखेंगे।



# राजकीय महाविद्यालय में साहित्यिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों का समापन

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** राजकीय महाविद्यालय पाटन में साहित्यिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदनलाल मीणा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया कि 27 जनवरी को आयोजित कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में पंकज ने विजेता, जबकि हिमांशु धोबी ने उप विजेता स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में पारुल धानका विजेता रही, जबकि विशाखा सैनी उपविजेता रही। 28 जनवरी को छात्र वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में हिमांशु धोबी की टीम ने जीत हासिल की। 29 जनवरी को सतोलिया प्रतियोगिता में निशु स्वामी की टीम विजेता रही और वॉलीबॉल छात्र वर्ग में हिमांशु शर्मा की टीम ने प्रतियोगिता जीती। 31 जनवरी को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में निशा मीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रवीना द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में सहायक लेखा अधिकारी एम. एम. वर्मा, डॉ. सीता मीणा और डॉ. विपुल जोरासिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. ओमपाल कुमार कालावत ने किया। समापन अवसर पर सहायक प्रभारी डॉ. किरण यादव ने विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. मदनलाल मीणा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सच्ची लगन और मेहनत से तैयारी करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह के समापन की घोषणा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने की।

# अंबेडकर सरस्वती संस्कार केंद्र पर मातृ सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** श्री चिरंजी लाल धानुका प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ की ओर से संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर सरस्वती संस्कार केंद्र में मातृ सम्मेलन और वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मंचस्थ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मनीषा देवी, मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सारड़ीवाल, विशिष्ट अतिथि राजू देवी, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार चौमाल और ताराचंद शर्मा मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई जिसमें चम्मच दौड़ और प्रश्नोत्तरी विशेष रोचक प्रतियोगिताएं रही। कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। मनीषा ने सभी मातृशक्ति को मां की महिमा के बारे में बताया और कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु मां ही होती है। बालिका प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार चौमाल ने सभी मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि माँ ही अपने बच्चों को सही और गलत दिशा में लेकर जाती है। मां बच्चे की प्रथम गुरु है, वह अपनी मां से ही बहुत कुछ सीखता है जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है वैसे-वैसे वह परिवार के सभी सदस्यों को देखकर ही सिखाता है। जिसमें मां की भूमिका अहम होती है। परिवार ही बच्चे की प्रथम पाठशाला है। संस्कार केंद्र की बहिनों की ओर से मारवाड़ी और राजस्थानी गीतो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एक शानदार भजन की प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम का माहौल भजन मय हो गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बहिनों को पुरस्कार दिया गया। संस्कार केन्द्र चालक कृष्णा प्रजापत को भी मंचस्थ अतिथियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ओमप्रकाश सारड़ीवाल ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में लगभग 80 मातृशक्ति और बहिनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन राधिका हारित और मुरलीधर प्रजापत ने किया।

## कोहरा बना काल: सड़क हादसे में 11 भेड़-बकरियों की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** घने कोहरे के चलते मेगा हाईवे पर शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में 9 भेड़ व दो बकरियों की मौत हो गई व सात मवेशी घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घटना गांव लोहा की है।जानकारी के अनुसार गांव का हजारीमल जाट रोज की तरह अपने मवेशियों को लेकर खेत जा रहा था। जैसे ही वह मेगा हाइवे पर मवेशियों के साथ आया, तो रतनगढ़ से सुजानगढ़ की तरफ जा रहे एक ट्रक की चपेट में मवेशी आ गए और मौके पर ही करीब 11 मवेशियों की मौत हो गई और सात मवेशी घायल हो गए, जिसमें से कुछ गंभीर घायल भी है। घटना का कारण कोहरा बताया जा रहा है। कोहरे की चलते ट्रक चालक को मवेशी दिखाई नहीं दिए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। सरपंच भंवरलाल पूनिया सहित गांव के दर्जनों लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घायल मवेशियों को सड़क से हटाया। घटना का समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# शराब पीकर स्कूल पहुंचा टीचर, बच्चों को पीटा, ग्रामीण आए तो धमकाने लगा

### बोला-यहां का डॉन मैं हूं, राजकार्य में बाधा का केस करूंगा

जयपुर टाइम्स



**बाड़मेर(निसं.)** बाड़मेर में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। गुड़ामालानी ब्लॉक के कुकणों की ढाणी के प्राथमिक स्कूल में टीचर विजय कुमार शराब के नशे में पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर ग्रामीण स्कूल आए तो उन पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। ग्रामीणों ने टीचर को पकड़कर कुर्सी पर बैठा दिया। ग्रामीणों ने टीचर से कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी आ रहे हैं तो उसने कहा कि यहां का डॉन मैं हूं। ग्रामीणों का आरोप है कि टीचर शराब पीकर आया। साथ ही पानी की बोतल में भी शराब मिलाकर लाया। स्कूल में खाली नमकीन के पैकेट भी मिले हैं। जानकारी मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और टीचर का मेडिकल करवाने के साथ जांच करने की बात कही। ग्रामीणों ने जब टीचर से पूछा कि स्कूल में शराब पीकर आते हो, तब लड़खड़ाती आवाज में मना करने लगा। इसके बाद लोगों को धमकाने लगा कि आप हमें डिस्टर्ब कर रहे रहो, आप राजकार्य में बाधा डाल रह रहो। मैं 4 बजे जाकर मुकदमा करूंगा। ग्रामीणों ने कहा- आपके पैर लड़खड़ा रहे हैं। इस टीचर बोला- मेरे लड़खड़ा रहे हैं या नहीं, मैं मेडिकल करवा दूंगा। तब ग्रामीणों ने कहा कि चलो मेडिकल करवा लो। ग्रामीणों ने टीचर को कहा कि अधिकारी आ रहे है। टीचर बोला मैं बैठा हूं डॉन। यहां का डॉन मैं हूं, पीईईओ (शिक्षा अधिकारी) नहीं है। कर देना मेरा जो कर सको। ग्रामीण ने पूछा- कितनी उम्र में हो तब जवाब दिया घणा (ज्यादा) ही हूं। वहां पर चार्ट लगा हुआ देख लो और गणना कर लेना। वोट खड़ा होगा उसका वोट। जो लाठो होगा उसको वोट। फिर जोर-जोर से हंसने लग गया। ग्रामीण केहरा राम ने बताया- गुड़ामालानी ब्लॉक की आलपुरा ग्राम पंचायत की कुकणों की ढाणी में प्राइमरी स्कूल में कार्यरत टीचर विजय कुमार शुक्रवार को शराब के नशे में आया। हाथ में पानी की बोतल थी, जिसमें शराब मिला रखी थी। टीचर ने स्कूल आते ही बच्चों के साथ डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट में एक छात्र और एक छात्रा के हाथों पर निशान बन गए और सूजन भी आ गई। आसपास के लोगों की सूचना पर हम स्कूल पहुंचे और पूछा बच्चों को क्यों मार रहे हो, इस पर हमारे साथ भी बदतमीजी की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) ओमप्रकाश ने बताया- सूचना मिलते ही पदेन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) को भेज दिया। शिक्षक का मेडिकल करवाया जाएगा।

# लोहिया महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह का समापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** लोहिया महाविद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद सप्ताह का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि इस महाविद्यालय का अनुशासन लाजवाब है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक सप्ताह में आयोजित विभिन्नि गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के विद्यार्थी का अहम अंग है। कार्यक्रम संयोजक संयोजक डॉ. ट्विंकल शर्मा ने बताया कि अन्तिम दिन शुक्रवार को समूह नृत्य, समूह गायन व लोक गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समूह नृत्य में प्रियंका चौपड़ा ग्रुप ने प्रथम, लक्ष्मी शर्मा ग्रुप ने द्वितीय व यशवेन्द्र सोनी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। समूह गायन में प्रथम स्थान पर हर्षित ग्रुप, दूसरे स्थान पर धोनी ग्रुप व तृतीय स्थान पर राजेश कुमार ग्रुप रहे। वहीं लोकगीत गायन में दक्षिता शर्मा ने प्रथम, हर्षित सोनी ने द्वितीय व आफरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की डॉ. अंजू ओझा, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. आशीष शर्मा व डॉ. शान्तनु डाबी ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. डॉ. सरोज हारित, डॉ. मूलचंद, विनीता पारीक व विनित ढ़ाका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. संतोष बलाई, प्रो. डॉ. मधु चौधरी, प्रो. एम. एम. शेख, प्रो धीरज बाकोलिया, प्रो. शालिनी हेमकार, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. महेंद्र खारडिया, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. उर्मिला फगेडिया, डॉ. सुचित्रा मांझू, डॉ. रेणु धेतरवाल, डॉ. सुखवीर पूनिया, प्रो. जावेद खान, डॉ. रिजुल पूनिया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीना ढेनवाल, डॉ. संजू झाझड़िया व डॉ. पूजा प्रजापत ने संयुक्त रूप से किया।

## अंतर संकाय प्रतियोगिता में अंतिम दिन दिखाया खिलाड़ियों ने दमखम



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में अंतरसंकाय खेलों के अंतिम दिन गोला फेंक, तश्तरी फेंक प्रतियोगिताएं प्रोफेसर बी एस बैरवा की अध्यक्षता व खेल प्रभारी प्रमोद कुमार के निर्देशन में आयोजित हुई। गोला फेंक छात्र वर्ग में प्रथम लीलाधर नायक, दूसरे स्थान पर भवानी शंकर, तीसरे स्थान पर जगदीश रहे। इसी प्रकार तश्तरी फेंक छात्र वर्ग में प्रथम जगदीश, दूसरे स्थान पर लीलाधर नायक, तीसरे स्थान पर प्रियांशु इंदोरिया रहे। तश्तरी फेंक छात्र वर्ग में क्रमश जगदीश, लीलाधर, प्रियांशु विजेता रहे। इसी प्रकार तश्तरी फेंक छात्रा वर्ग में प्रथम त्रिवेणी, द्वितीय ऋषिका, तृतीय नर्बदा रही। खेलकूद गर्ााितिवधयों में एस आर बालान, रामनिवास, हरिलाल जांगिड़ सहित महाविद्यालय स्टाफ ने योगदान दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में 800 विद्यार्थियों की जांच




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पीएमश्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजलदेसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर 29 जनवरी से 31 तक रहा। प्रथम दिन विद्यालय की छात्राओं की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कस्बे के मुख्य बाजारों से होती हुई अस्पताल के आगे से उच्च माध्यमिक विद्यालय से होती हुई विद्यालय प्रांगण में पहुंची। रैली में विद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल हुआ। शिविर में स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रतियोगिताएं वाद -विवाद, निबंध लेखन आयोजित की गई। द्वितीय दिन विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग जांच की गई। तृतीय दिवस 31 जनवरी को चिकित्सा विशेषज्ञों की ओर से स्क्रीनिंग व जांच रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सीय परामर्श दिया। कुल 800 विद्यार्थियों की जांच कर परामर्श दिया गया जिनमें 13 को उच्च केन्द्र के लिए रेफ़र किया गया। 75 विद्यार्थियों की रक्त जांच की गई। शिविर में डॉ.मनीष तिवारी बीसीएमओ, डॉ एन्टोनी, डॉ सुरेश कुमार, मायावती, सुमन सोनी, कमला स्वास्थ्य कार्यकर्ता व बासित अली लैब टेक्नीशियन और राहुल कुमार फार्मासिस्ट ने अपनी सेवाएं दी। प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन और स्टाफ के अन्य सदस्य इन्द्र सिंह, महेश कुमार साखोलिया, रमेश कुमार, आनंद सिंह, कन्हैयालाल, नानूराम, कपिल मीणा, मोनिका शर्मा, सरिता शर्मा, विमला चौधरी, अनीता मारू, योगिता शर्मा, पिंकी मण्डल, आरती शर्मा, दीपंकर शर्मा, ऋषिका सहारण, रोशनी छींपा , प्रमोद कुमार और अशोक कुमार जाट सहयोग किया। इस अवसर पर अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को दी ड्रेनेज परियोजना की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन मे रतनगढ के वार्ड 23 अम्बेडकर भवन की आंगनबाडी केन्द्र मे महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड ने बताया कि ड्रेनेज परियोजना से अम्बेडकर नगर सराफ कुआ के आस-पास के लोगो को इस परियोजना से जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। परियोजना मे जन भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्लास्टिक की थैलिया प्रयोग कर नाली में न डाले। प्लास्टिक की थैलिया प्रयोग कर कच्चरे वाली गाड़ी में डालने की सलाह दी गई। बैठक मे महिलाओं ने इस परियोजना को सराहा। बैठक में काजल सांखला व कविता स्वामी ने स्वय साहयता समूह के बारे मे महिलाओं से चर्चा करते हुए समूह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुभिता आसा भंवरी देवी व साहयिका जया देवी ने आंगनबाडी के कार्य के बारे में बताया। बैठक महिलाओं ने कहा कि हम परियोजना पूरा सहयोग करेंगे कच्चरा व प्लास्टिक की थैलिया प्रयोग कर नालियों में नहीं डालेगे। बैठक का संचालन छोटू सैनी ने किया।

## मिठाई की दुकान में चोरी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लाडनू बस स्टेंड स्थित एक चाय की दुकान में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। दुकानदार रामनिवास गुर्जर ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया है कि मैं लाडनू बस स्टेंड पर चाय, मिठाई, नमकीन आदि बेचने का काम करता हूं। शुक्रवार को सुबह जब मैं दुकान खोलने के लिए आया, तो पाया कि दुकान का दरवाजा टूटा हुआ था। चोर दुकान के अंदर से 4 सौ रूपये की रेजगारी और एक हजार रूपए नकद चोरी कर ले गए।

# यातायात नियमों के बारे में रहें जागरूक, पालन करें व अन्य को भी प्रेरित करें : अभिषेक सुराणा

## जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित केशर देवी सोती आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 'परवाह' थीम पर चल रहे सड़क सुरक्षा माह के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एएसपी सतपाल सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया आदि अतिथि मंचस्थ रहे। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सभी यातायात नियमों के बारे में जागरूक रहें। हम सभी संकल्पित होकर यातायात नियमों का पालन करें व परिवेश के अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। यह हमारी नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित की गई सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां निरंतर रखें। प्रयास करें कि हेलमेट, सीट बेल्ट आदि के उपयोग सहित यातायात नियमों के पालन के लिए एक सिविक सेंस का विकास हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह व डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया ने भी विचार व्यक्त किए। जिला परिवहन अधिकारी नरेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। संस्था प्रधान किशन लाल सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सहायक लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह, परिवहन निरीक्षक मनोज कुमार स्वामी, राजेश कुमार स्वामी, बजरंग लाल खीचड, वरिष्ठ सहायक भवानी सिंह, सूचना सहायक कमल किशोर, दीपक कुमार, धर्मपाल खीचड़, विजय कुमार सैनी, विष्णु स्वामी, हरदयाल सिंह, केदारमल सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

अतिथियों ने चूरू जिला परिवहन कार्यालय के मनोज स्वामी, सत्यपाल सिंह, भवानी सिंह, कमल किशोर कुमावत, दीपक सैनी, शक्ति सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सारण, राकेश कस्वां, जयसिंह, परिवहन कार्यालय सुजानगढ़ के बजरंगलाल खीचड़, राजेश स्वामी, कन्हैयालाल यादव, रामावतार प्रजापति, गोविंद सिंह, रामकुमार चाहर,पुलिस उप अधीक्षक चूरू वृत्त कार्यालय के महिपाल सिंह, जयसिंह, संतोष सिंह, जयप्रकाश, विक्रम सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के लिखमी चंद, पवन कुमार योगी, शिक्षा विभाग के डॉ राजेन्द्र सिंह शेखावत, बाबूलाल स्वामी, कन्हैयालाल, सुमन कंवर सहित पुलिस विभाग के 5, जिला परिवहन कार्यालय के 6, सार्वजनिक निर्माण विभाग से 2, शिक्षा विभाग के 4, जिला परिवहन कार्यालय सुजानगढ के 6 व सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण/पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 6 विद्यार्थियों और 2 सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

# ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य में बर्ड फेस्टिवल आज से

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला प्रशासन, वन विभाग, छापर नगरपालिका और सम्प्रीति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के तालछापर वन्यजीव अभ्यारण्य में 1 व 2 फरवरी को बर्ड फेस्टिवल -2025 आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने समस्त जिलेवासियों को बर्ड फेस्टिवल -2025 में आमंत्रित करते हुए भागीदारी की अपील की है। जिला कलक्टर सुराणा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य पक्षियों की लुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण और वन्यजीवों के बारे में आमजन में जागरूकता पैदा करना है। फेस्टिवल आयोजन से जैव विविधता और प्रकृति की विभिन्नताओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि ताल छापर अभ्यारण्य काले हरिणों सहित अपनी जैव विविधता के लिए एशिया में अपनी अलग पहचान रखता है। ताल छापर में 300 से अधिक प्रवासी पक्षी आते हैं। आयोजन से इन पक्षियों के संरक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ेगी।

### आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

बर्ड फेस्टिवल के पहले दिन 01 फरवरी को सवेरे 7 बजे स्वागत एवं पंजीकरण, सवेरे 7.30 बजे फ्लैग ऑफ समारोह व निर्देशित पक्षी दर्शन यात्रा, सवेरे 9.30 बजे कला प्रदर्शनी (पोस्टर,पेंटिंग व फोटोग्राफी) का उद्घाटन व अवलोकन, शिल्प, खाद्य बाजार, वृत्तचित्र व फिल्म की स्क्रीनिंग, सवेरे 10.45 बजे विशेषज्ञ वार्ता सत्र, सवेरे 11.30 बजे प्रकृति प्रश्नोत्तरी तथा वन्यजीव व पक्षी चित्रकला व कार्यशाला, दोपहर 2.30 बजे ओरिगेमी इंटरेक्टिव कार्यशाला व वन्यजीव फोटोग्राफी इंटरेटिव कार्यशाला, सांय 4 बजे विशेषज्ञों के साथ पक्षी दर्शन सैर प्रकृति दर्शन सैर व लोकगीतों में पक्षी, सांय 6.30 बजे पक्षी महोत्सव सांस्कृतिक संध्या और रात्रि 9 बजे से आओ तारे देखें (स्टार गेजिंग नाइट) व एस्ट्रो फोटोग्राफी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 2 फरवरी को सवेरे 7 बजे बर्ड वाचिंग प्रतियोगिता के साथ गाइडेड पक्षी दर्शन भ्रमण, सवेरे 9.30 जे शैक्षणिक वार्ता, सवेरे 11 बजे 'वन्यजीव संरक्षण और सतत पारिस्थितिकी पर्यटन' समूह चर्चा, दोपहर 12 बजे इंटरेक्टिव कार्यशालाएं, बर्ड फीडर बनाना व स्थापित करना, दोपहर 1 बजे समापन समारोह व दोपहर 2 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसीएफ महेंद्र लेखाला ने बताया कि इस दौरान वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ श्रवणदीप सिंह, देवेंद्र मिस्त्री, डॉ अनिल छंगानी, सुधीर गर्ग, सूरतसिंह पुनिया, एडीजे शरद व्यास, जितेन्द्रसिंह सोलंकी, संग्राम सिंह कटिहार, उत्कृष्ट द्विवेदी, किशन मीणा, सुभाकर विश्वास, डॉ केसी सोनी, सुभम माथुर, रजत कुमार, अनिल रोजर्स, सुमित जुनेजा आदि संबोधित करेंगे।

## विद्युत निगम ने काट दी पूरे गांव की बिजली

# नाहरसरा गांव छह दिन से अंधेरे में डूबा, किसानों ने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय के आगे नाहरसरा गांव के किसानों की ओर से बिजली की समस्या के समाधान की मांग को लेकर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में दिए जा रहे धरने में सैकड़ो की संख्या में किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसान सभा के नेता रामकृष्ण छींपा ने बताया कि नाहरसरा गांव में पिछले 6 दिनों से बिजली सप्लाई बिजली विभाग की ओर से काट दी गई है। जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। वहीं कृषि कनेक्शनों में पिछले 6 दिनों से बिजली सप्लाई नहीं आने से किसानों की फसलें चौपट हो रही है। भानीपुरा जीएसएस पर किसानों की ओर से प्रदर्शन किया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से किसानों को जल्द ही बिजली की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। लेकिन पिछले 6 दिन हो गए अभी तक बिजली विभाग की ओर से कोई इस पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जिससे नाराज होकर किसानों की ओर से एसडीम कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों की ओर से एसडीम को समस्या बताई गई तो एसडीएम दिव्या चौधरी ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी तक किसानों की बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई है। जिससे नाराज किसानों ने एसडीएम कार्यालय के आगे धरना देने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसानों की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरने पर सोहनलाल मेघवाल, राजूराम कड़वासरा, दिलीप सारण, देवीलाल बांगड़वा, रजीराम नायक, रामकिशन शर्मा, भादरराम मेघवाल सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



# तम्बाकू मुक्ति परामर्श के लिए दिया प्रशिक्षण, सीएचओ को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार व परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण लिए शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि डब्लूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण में जिले के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की ओर से निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप तम्बाकू मुक्ति उपचार व परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर उन्हें तम्बाकू का उपभोग छोड़ने के लिए तकनीकी सहायता व परामर्श प्रदान करना है। एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि जिले में तम्बाकू मुक्ति परामर्श व उपचार सेवाओं के विस्तार के लिए समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छोडने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान जिला चिकित्सालय, चूरू में प्रदान की जा रही तम्बाकू मुक्ति परामर्श व उपचार सेवाओं की समीक्षा भी की गई तथा सेवाओं में आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित करते हुए सभी प्रतिभागियों के समन्वित प्रयासों से तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र पर अधिक से अधिक तम्बाकू उपभोगी मरीजों को रेफर करने के लिए निर्देशित किया गया। तम्बाकू मुक्ति उपचार केन्द्र को निर्देश दिए गए कि अस्पताल ओपीडी समय में आने वाले तम्बाकू उपभोगी मरीजों की अधिक से अधिक काउंसलिंग करें ताकि उपभोगी मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी माध्यम से प्रभावी चिकित्सकीय उपचार दिया जा सके। प्रतिभागियों को तम्बाकू उपभोगी मरीजों की शारीरिक, मानसिक व्याधियों के व्यावहारिक रूप से समाधान, वैज्ञानिक व चिकित्सकीय विधि से काउंसलिंग करते हुए तम्बाकू उत्पाद छोड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। सीएचओ प्रशिक्षण में जयपुर डब्ल्यूएचओ प्रोग्राम ऑफिसर डॉ जकरिया चौहान ने सीएचओ की ओर से आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के स्तर पर तम्बाकू मुक्ति परामर्श व उपचार प्रारम्भ करने के लिए तम्बाकू उपभोगियों के चिन्हीकरण से लेकर तम्बाकू छोड़ने की सलाह व उपचार के लिए जिला अस्पताल में संचालित तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र, नेशनल टोल फ्री क्विट लाईन पर रेफर करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के सबंध में प्रशिक्षण दिया। साईकोलॉजिस्ट संगीता जोधा ने प्रतिभागियों को विस्तार से तम्बाकू उपभोग छोड़ने के लिए रोगियों का क्विट प्लान बनाए जाने, तम्बाकू मुक्ति के व्यवहारिक पहलुओं और एनआरटी दवाईयों के उपयोग के विषय में जानकारी दी। एमआईएस अधिकारी सिमरन ने भारत व राज्य सरकार के तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर चिकित्सक अधिकारियों ने सीएचओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनटीसीपी के जिला सलाहकार लाड कंवर ने बताया कि नशे के उपभोगियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेने की बात कही। इस अवसर पर एसआई मुकुल शर्मा व साईक्लोजिस्ट गगन शर्मा आदि मौजूद रहे।



## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट फॉलोअप

### झुंझुनूं में धरातल पर उतरा 641.46 करोड़ का निवेश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का कार्य अब धरातल पर उतरने लगा है। जिले में हस्ताक्षरित हुए एमओयूज में से अब 8 निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। जिनसे 641.46 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है, वहीं 2,830 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष व 4, 061 व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। शुक्रवार को इस संबंध में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने निवेशकों के साथ बैठक कर उनसे क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं व उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निवेशकों के सामने आ रही समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश दिए। जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त नानूराम गहनोलिया ने बताया कि जिले में कृषि क्षेत्र में 5 ऑईल मिल, 1 डेयरी समेत 8 उद्योग स्थापित हो चुके हैं। अन्य पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के सहायक आयुक्त अभिषेक चौबदार, पीआरओ हिमांशु सिंह समेत विभिन्न निवेशक मौजूद रहे।

### मोबाइल पाकर मालिकों के चेहरे खिल उठे

## साइबर सील्ड अभियानः 192 मोबाइल बरामद, 18 लाख से ज्यादा की राशि लौटाई



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पुलिस ने साइबर शील्ड अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। दो जनवरी से 31 जनवरी तक चले इस अभियान में पुलिस ने 192 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं। साथ ही साइबर ठगी के शिकार लोगों को 18 लाख रुपए से अधिक की राशि वापस दिलवाई है। एसपी जय यादव ने शुक्रवार को बताया कि 29 दिनों के इस अभियान में साइबर अपराधियों के खिलाफ 16 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने साइबर अपराधियों के डेटाबेस का तकनीकी विश्लेषण कर कार्रवाई की और कई गिरफ्तारियां भी की गईं। अभियान के दौरान जिले के पुलिस थानों में कुल 571 गुमशुदा मोबाइल हैंडसेट ट्रेस किए गए। इनमें से 192 मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं। शेष मोबाइल की बरामदगी के लिए अन्य राज्यों की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। पुलिस ने साइबर ठगी के मामलों में 16 लाख 29 हजार 821 रुपए होल्ड करवाए हैं। एसपी यादव ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए यह अभियान जारी रहेगा। इस सफल अभियान में साइबर सेल प्रभारी भागीरथ, सुरेन्द्र कुमार, धर्मवीर, रमाकांत, सत्यवान, रवि कुमार, सुनील कुमार और विक्रम की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीजल टैंकर पलटा, बाल्टियों में भर ले गए लोग



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू के तारानगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हड़ियाल ओवरब्रिज के पास डीजल से भरा टैंकर पलट गया। जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दूधवाखारा, तारानगर और राजगढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। टैंकर के पलटते ही आस पास के लोग बाल्टी और ड्रम लेकर सड़क पर बह रहे डीजल को इकट्ठा करने लगे। हादसे में टैंकर का हेल्पर हियात खान (25) घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया।घायल हेल्पर ने बताया कि वह गुजरात से 29 जनवरी को डीजल भरकर हरियाणा के झज्जर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे हड़ियाल ओवरब्रिज के पास सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में टैंकर पलट गया। टैंकर में ड्राइवर इलियास खान (35) भी मौजूद था। दूधवाखारा थानाधिकारी हंसराज गुर्जर ने बताया कि हादसे से सड़क पर यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकालना शुरू कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे में कोई जानहानि नहीं हुई है।

## आरएएस प्री परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**रतनगढ़(निस)।** लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में दो फरवरी को होने वाली प्री आरएएस परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद दिखाई दिए। एसडीएम रामकुमार वर्मा, डीवाईएसपी अनिल कुमार, सब इंसपेक्टर सुभाषचंद्र की ओर से शुक्रवार को राजस्थान सरकार व पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शहर में बनाए गए 17 परीक्षा केंद्रों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया गया। साथ ही केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। डीवाईएसपी ने बताया कि परीक्षा के लिए पुलिस की विभिन्न टीमें गठित की गई है और शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को लेकर विशेष प्लान तैयार किया गया है। इस अवसर पर सीबीईओ उमेश कुमार जाखड़ सहित कई अधिकारी व स्कूल संचालक उपस्थित रहे। रविवार दोपहर 12 से तीन बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा शहर की राजकीय जालान कॉलेज, राजकीय लोहिया गर्ल्स कॉलेज, राजकीय जालान स्कूल, रघुनाथ स्कूल, भुवालका बालिका स्कूल, बाजोरिया स्कूल, हनुमान बालिका स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, चिरंजीलाल धानुका आदर्श विद्या मंदिर, मारूति स्कूल, मकड़ीनाथ स्कूल, संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर, प्रकाश पाठशाला, केपीएस स्कूल, लोयल पब्लिक स्कूल, स्वामी कॉलेज, टैगोर शिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने सालासर बालाजी मंदिर में लगाई धोक





### हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर मांगी देश-प्रदेश में खुशहाली

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी जानकी शुक्ला ने शुक्रवार को जिले के सालासर बालाजी मंदिर में धोक लगाई और हनुमानजी के दर्शन व पूजा अर्चना कर देश- प्रदेश में खुशहाली के लिए कामना की। सालासर पहुंचने पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राज्यपाल शुक्ला का स्वागत किया। इस अवसर पर जीतमल पुजारी, यशोदानंदन पुजारी, मनोज पुजारी, अजय पुजारी, मनीष पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई और राज्यपाल शुक्ला का बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान एडीसी साईं डी वर्मा, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजू देवी, कुलदीप सिंह, आदित्य, सीओ दरजाराम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया, एसीडी से पंकज मांझू, सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया, नायब तहसीलदार अमरसिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के 50 हजार पीड़ित व्यक्ति को वापस रिफंड कराए

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के भानीपुरा थाना अधिकारी राय सिंह सुथार के निर्देशन पर साइबर शील्ड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भानीपुरा थाने में साइबर पोर्टल पर कार्यरत महिला कांस्टेबल दीपिका ने साइबर ठगी के 50 हजार रुपये पीड़ित व्यक्ति को वापस रिफंड करवाए है। महिला कांस्टेबल दीपिका ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भानीपुरा पुलिस थाने में साइबर पोर्टल से ढाणी दूदगिरी निवासी विनोद भाट के साथ 90 हज़ार रुपये के साइबर फ्रॉड का परिवाद प्राप्त हुआ था। मामले में महिला कांस्टेबल दीपिका द्वारा स्थानांतरण राशि को ट्रेस आउट कर त्वरित कार्रवाई करते हुए विनोद भाट के साथ हुई साइबर ठगी को न्यायालय के आदेश पर 50 हज़ार की राशि वापस विनोद भाट को रिफंड करवाई है और शेष 40 हज़ार की राशि को होल्ड लगाकर न्यायालय से रिफंड आदेश प्राप्त कर रिफंड की प्रक्रिया जारी है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।